卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 135 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦शुक्रवार ♦20 फरवरी 2026 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## शोरूम में गोली चलने से व्यापारी गंभीर

### सिर में लगी गोली, घायल की हालत नाजुक, दिल्ली रैफर, पुलिस जांच में जुटी




रुद्रपुर (उद संवाददाता)। शहर के पॉश इलाके सिविल लाइन स्थित एक जूतों के शोरूम में गुरुवार रात संदिग्ध परिस्थितियों में गोली चलने से एक युवा कारोबारी गंभीर रूप से घायल हो गया। गोली व्यापारी के सिर में लगी है, जिससे उसकी हालत बेहद चिंताजनक बनी हुई है। प्राथमिक उपचार के बाद व्यापारी को दिल्ली के मैक्स अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है, हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि गोली ध्रुव ने खुद चलाई या यह कोई हमला था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सिविल लाइन निवासी स्वर्गीय अनिल चावला के 25 वर्षीय पुत्र ध्रुव चावला का सिविल लाईन मुख्य मार्ग पर किक्स विला द शूज नाम से जूतों का शोरूम है। गुरुवार रात करीब नौ बजे ध्रुव की अपनी मां एकता चावला से फोन पर बातचीत हुई थी, जिसमें उन्होंने 10 मिनट में घर पहुंचने की बात कही थी। जब काफी देर तक ध्रुव घर नहीं पहुंचा, तो चिंतित परिजनों ने रिश्तेदारों को शोरूम भेजा। वहां पहुंचने पर देखा कि शोरूम का शीशे का दरवाजा अंदर से बंद था और ध्रुव लहूलुहान हालत में फर्श पर पड़ा था। उसके सिर से काफी खून बह रहा था। आनन-फानन में दरवाजा तोड़कर ध्रुव को एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। (शेष पृष्ठ 7 पर)

## पिकप खाई में गिरने से पांच लोग घायल



सल्ट/अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। सल्ट थाना क्षेत्र के अंतर्गत शुक्रवार सुबह एक बड़ा सड़क हादसा हो गया, जहां यात्रियों से भरी एक पिकअप अनियंत्रित होकर करीब 50 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। इस दुर्घटना में वाहन सवार 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई, जिसके बाद स्थानीय ग्रामीणों और पुलिस ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर घायलों को खाई से बाहर निकाला। घायलों में से चार की स्थिति गंभीर बताई जा रही है।जानकारी के अनुसार, हादसा डोटियाल से लगभग एक किलोमीटर आगे हुआ। बताया जा रहा है कि पिकअप (शेष पृष्ठ सात पर)

## न्यायालयों में खंगाला कोना-कोना

### एसएसपी ने स्वयं संभाली रुद्रपुर कोर्ट परिसर में चेकिंग की कमान



रुद्रपुर (उद संवाददाता)। प्रदेश के न्यायालयों में बम की धमकी को देखते हुए जनपद में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने और शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के निर्देशन में शुक्रवार को जनपद के समस्त न्यायालय परिसरों में व्यापक और सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान की संवेदनशीलता और महत्व को देखते हुए एसएसपी अजय गणपति ने स्वयं रुद्रपुर न्यायालय परिसर में उपस्थित रहकर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया और सर्चिंग ऑपरेशन का नेतृत्व किया। इस विशेष अभियान के दौरान बम डिस्पोजल स्क्वाड और डॉग स्क्वाड की टीमों ने पूरे न्यायालय परिसर के चप्पे-चप्पे की बारीकी से तलाशी ली। परिसर में स्थित पार्किंग, बैठने के स्थान और कार्यालयों के आस पास सघन सर्च ऑपरेशन चलाया गया। सुरक्षा मानकों को और कड़ा करते हुए एसएसपी ने निर्देश दिए कि न्यायालय परिसर में आने-जाने वाले प्रत्येक व्यक्ति की गहनता से चेकिंग और तलाशी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सुरक्षा (शेष पृष्ठ सात पर)

## हल्द्वानी कोर्ट की सुरक्षा पर हाई लेवल एक्शन

### जिला जज, डीएम और एसएसपी ने परखी व्यवस्थाएं, बनाई विशेष टीम



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। न्यायालयों को मिल रही धमकी के दृष्टिगत हल्द्वानी न्यायालय परिसर में माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रशांत जोशी, जिला मजिस्ट्रेट ललित मोहन रयाल और एसएसपी नैनीताल डॉ. मंजुनाथ टीसी ने संयुक्त रूप से सुरक्षा व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण किया। इस उच्च स्तरीय निरीक्षण के दौरान अपर जिला जज सुजीत कुमार, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रवि प्रकाश, एडीएम विवेक राय और एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने न्यायालय परिसर की मौजूदा सुरक्षा व्यवस्थाओं का गहन सुरक्षा ऑडिट कर व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के उपरांत हुई बैठक में न्यायालय परिसर की समग्र सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक मैनपावर और आधुनिक सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। सुरक्षा चक्र को अभेद्य बनाने के उद्देश्य से सर्वसम्मति से एक विशेष सुरक्षा ऑडिट टीम गठित करने का निर्णय लिया गया है। एसपी सिटी हल्द्वानी की अध्यक्षता में (शेष पृष्ठ सात पर)

## किसकी 'छाती' में चुभ रहा है, त्रिशूल चौक का 'त्रिशूल'?

### त्रिशूल चौक में स्थापित चबूतरे से उखाड़ दिया गया 'चौक' शब्द

-अर्श-

रुद्रपुर। जान पड़ता है, जैसे रुद्रपुर के त्रिशूल चौक में स्थापित किए गए त्रिशूल को शहर के कुछ लोग पचा नहीं पा रहे हैं। शायद यही कारण है कि त्रिशूल चौक में स्थापित त्रिशूल और उसके चबूतरे और चबूतरे के आसपास लगाए गए फूलों के पौधों को नुकसान पहुंचाने के प्रयास लगातार हो रहे हैं। बीते रोज देखने में आया कि त्रिशूल चौक में त्रिशूल की स्थापना के लिए बनाए गए चबूतरे के दक्षिणी हिस्से में सुनहरी अक्षरों से लिखे गए त्रिशूल चौक से चौक शब्द उखाड़ दिया गया है। प्रथम दृष्टया यह किसी शरारती तत्व अथवा नशेड़ी की करतूत लगती है, पर इसके पीछे किसी इतर उद्देश्य की संभावना को भी पूरी तरह खारिज नहीं किया जा सकता। हो सकता है कि त्रिशूल चौक के निर्माण को गले न उतार पाने वाले व्यक्तियों द्वारा अपनी कुंठा निकालने के लिए इस कृत्य को अंजाम दिया गया हो। इसके पीछे हिंदू समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचाने और शहर को अशांत करने की कुमंशा भी हो सकती है। लिहाजा, समुचित जांच के उपरांत यह तथ्य सामने लाया ही जाना चाहिए कि यह कृत्य करने वाले कौन थे और इसके पीछे उनका उद्देश्य क्या था? त्रिशूल चौक में स्थापित त्रिशूल के अनावरण के सप्ताह भर के भीतर ही, जिस प्रकार त्रिशूल चौक के चबूतरे से छेड़छाड़ की गई है, उससे यह पूरी तरह स्पष्ट है कि त्रिशूल चौक का त्रिशूल निश्चित रूप से किसी की छाती में चुभ रहा है। ऐसे लोगों को बेनकाब किया जाना निहायत जरूरी है। इसमें दो राय नहीं कि त्रिशूल चौक की देखरेख करने के लिए




नियुक्त कार्यदाई संस्था त्रिशूल चौक के चबूतरे से उखाड़ दिए गए चौक शब्द को पुन: व्यवस्थित करेगी ,लेकिन साथ ही साथ इसकी एफआई आर भी करवाई जानी चाहिए ।पुलिस विभाग अगर चाहे तो संज्ञान लेकर स्वप्रेरणा से भी कार्यवाही कर सकता है, क्योंकि किन्ही शरारती तत्वों द्वारा शासकीय संपत्ति को क्षतिग्रस्त किया गया है। एक ऐसी शासकीय संपत्ति, जो त्रिशूल की स्थापना के बाद अब धार्मिक आस्था का प्रतीक बन गई है। इसके अलावा कोशिश यह भी होनी चाहिए कि अगर सनातन धर्म के प्रतीक कहीं स्थापित किए जाएं तो उनकी पर्याप्त देखरेख और सुरक्षा की व्यवस्था भी की जाए। साथ ही स्थापित धार्मिक प्रतीकों की पवित्रता का भी पूरा ख्याल रखा जाना चाहिए। देखने में आया है कि सेल्फी लेने के चक्कर में कुछ लोग त्रिशूल की स्थापना के लिए बनाए गए चबूतरे पर चप्पल पहनकर चढ़ जाते हैं ।अगर त्रिशूल चौक में स्थापित त्रिशूल को भगवान शिव के त्रिशूल के मानिंद माना और प्रचारित किया जा रहा है ,तो उसकी पवित्रता का ख्याल भी रखा जाना चाहिए। इसके अलावा कार्यदाई संस्था अगर चाहे तो त्रिशूल चौक में सेल्फी लेने की प्रक्रिया में कुछ बंधन भी लगा सकती है । सेल्फी लेने की चाह में लोगों का त्रिशूल चौक में स्थापित त्रिशूल के चबूतरे तक पहुंचना रोका भी जा सकता है क्योंकि देखा जा रहा है कि सेल्फी लेने की प्रक्रिया में लोग चबूतरे के आसपास लगाए गए फूलों के पौधे एवं गमले को क्षतिग्रस्त कर रहे हैं।


**आवश्यकता है**

**रुद्रपुर स्थित एक प्रतिष्ठित इलेक्ट्रॉनिक शोरूम के लिए टैली अकाउंटेंट, कैशियर, स्टोर मैनेजर आदि पदों पर युवक युवतियों एवं ड्राईवर की आवश्यकता है।**

**-:संपर्क करें:-**


**8433432291**

## जंगली हाथी का तांडव,स्कूटी को सूंड से पटका



हरिद्वार (उद संवाददाता)। धर्मनगरी के जगजीतपुर क्षेत्र में देर रात एक जंगली हाथी ने आबादी क्षेत्र में घुसकर जमकर उत्पात मचाया। हाथी ने एक घर के बाहर खड़ी स्कूटी को अपनी सूंड और पैरों से पटक-पटक कर बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। इस पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसने स्थानीय निवासियों में दहशत का माहौल पैदा कर दिया है। जानकारी के अनुसार, जब लोग अपने घरों में सो रहे थे, तभी जंगल की ओर से भटककर एक हाथी कॉलोनी में दाखिल हो गया। हाथी को देखकर क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। (शेष पृष्ठ सात पर)

**तेरहवीं एवं श्रद्धांजलि सभा**



अत्यन्त दुखित हृदय के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूजनीय पिता जी **श्री रामलाल चुघ जी** का स्वर्गवास दिनांक 10 फरवरी 2026, दिन मंगलवार को हो गया था। अत: उनकी आत्मिक शान्ति हेतु **भोग एवं रस्म पगड़ी दिनांक 21 फरवरी 2026, दिन शनिवार** को प्रात: 11:00 बजे से 12:00 बजे तक **श्री सनातन धर्म मन्दिर**, बुध बाजार, गदरपुर में सम्पन्न होगी।

**-: शोकाकुल परिवार:-**

श्रीमती नारायनी देवी चुघ(पत्नी), हेमराज चुघ 'राज' (पुत्र),बलदेवराज चुघ (पुत्र) सोमनाथ चुघ (पुत्र), सतीश चुघ (पुत्र) (चेयरमैन, नगर पंचायत गूलरभोज)

समस्त चुघ एवं सपरा परिवार, निवास स्थान:-वार्ड नं0-3, संतोष नगर, गूलरभोज (उधम सिंह नगर), मोबा. 9837355964, 9837592242

**कृपया इस कार्ड को ही व्यक्तिगत बुलावे की मान्यता प्रदान करें**

# यूजीसी की नई गाइडलाइन के खिलाफ सवर्ण शक्ति संगठन मुखर

## 21 को आक्रोश महारैली,प्रकाश हर्बोला ने काले कानून के विरोध में उठाई आवाज

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। सवर्ण शक्ति संगठन (उत्तराखंड) के संयोजक प्रकाश हर्बोला ने एक पत्रकार वार्ता के दौरान यूजीसी की नई गाइडलाइन को श्काला कानूनश करार देते हुए इसका पुरजोर विरोध किया। उन्होंने कहा कि यूजीसी की वर्तमान गाइडलाइन पूरी तरह




भेदभावपूर्ण है और प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के खिलाफ है। हर्बोला ने सवाल उठाया कि यदि कोई झूठी शिकायत दर्ज कराता है, तो आरोपी व्यक्ति का करियर बर्बाद हो जाएगा, लेकिन गलत शिकायत करने वाले के खिलाफ किसी दंड का प्रावधान नहीं है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के बयानों पर भी कटाक्ष करते हुए कहा कि जब कानून ही भेदभावपूर्ण बना है, तो किसी के साथ गलत न होने की गारंटी कैसे दी जा सकती है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने अगड़ों और पिछड़ों के बीच वैमनस्य की दीवार खड़ी कर दी है।संगठन के संयोजक ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने रोहित वेमूला केस में एससी-एसटी के लिए गाइडलाइन बनाने की बात कही थी, लेकिन सरकार ने इसमें ओबीसी को भी जोड़ दिया, जिसका कोर्ट ने आदेश नहीं दिया था। उन्होंने इक्विटी बोर्ड के गठन पर भी सवाल उठाए, जिसमें एससी, एसटी, ओबीसी, महिला और दिव्यांग सदस्यों का प्रावधान है, लेकिन सवर्णों को इसमें शामिल नहीं किया गया है। उन्होंने इसे मौलिक अधिकारों का हनन बताया। वहीं, सहसंयोजक भुवन भट्ट ने कहा कि शिक्षा संस्थानों को डर के बजाय संवाद का केंद्र होना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भट्ट ने कहा कि इस प्रणाली से समाज में जातीय भेदभाव बढ़ेगा। यूजीसी के इन नियमों के विरोध में सवर्ण शक्ति संगठन ने आगामी 21 तारीख को हल्द्वानी के रामलीला मैदान में एकत्रित होकर जिलाधिकारी कार्यालय तक आक्रोश महारैली निकालने का ऐलान किया है। संगठन का कहना है कि वे सभी वर्गों का सम्मान करते हैं, लेकिन अपने अधिकारों के हनन पर आवाज बुलंद करेंगे और सरकार को इस काले कानून को वापस लेना होगा। पत्रकार वार्ता में सहसंयोजक भुवन भट्ट, जगत सिंह बिष्ट, त्रिलोक सिंह बिष्ट, तरुण वानखेड़े, मनोज अग्रवाल, प्रताप जोशी, योगेंद्र भट्ट सहित संगठन के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

# विशाल मेगा मार्ट के सामने फुटओवर ब्रिज की मांग, प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

## हाईवे पर जान जोखिम में डालकर सड़क पार करने को मजबूर हैं स्कूली बच्चे और राहगीर

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। शहर के राष्ट्रीय राजमार्ग पर विशाल मेगा मार्ट के सामने सड़क पार करना आम नागरिकों और स्कूली बच्चों के लिए बेहद खतरनाक साबित हो रहा है। विशेष रूप से शिशु निकेतन स्कूल से सिविल लाइंस की ओर जाने वाले छात्र-छात्राएं प्रतिदिन अपनी जान जोखिम में डालकर हाईवे पार करने को मजबूर हैं। राजमार्ग के बीच में लगाए गए लोहे के बैरिकेड्स को कूदकर पार करना लोगों की विवशता बन गई है, जिससे तेज रफ्तार वाहनों के बीच कभी भी बड़ा हादसा होने की आशंका बनी रहती है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस स्थान पर फुटओवर ब्रिज का निर्माण अत्यंत आवश्यक है ताकि बच्चों, बुजुर्गों और आम राहगीरों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।इस गंभीर समस्या को लेकर रुद्रपुर सेवा ट्रस्ट के संस्थापक एवं प्रबंध न्यासी अजय अरोड़ा ने नगर आयुक्त शिप्रा जोशी से भेंट कर उन्हें वस्तुस्थिति से अवगत कराया। इस संबंध में नगर निगम रुद्रपुर को औपचारिक रूप से ज्ञापन सौंपा गया है और मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी



शिकायत दर्ज कराई गई है। अजय अरोड़ा ने कहा कि यदि समय रहते फुटओवर ब्रिज का निर्माण नहीं किया गया तो भविष्य में किसी भी बड़ी दुर्घटना की जिम्मेदारी संबंधित विभागों की होगी। उन्होंने प्रशासन से जनहित में तत्काल सर्वे कराकर ब्रिज निर्माण की स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया है। स्थानीय नागरिकों और अभिभावकों ने भी स्कूली बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए इस दिशा में जल्द ठोस कदम उठाने की मांग की है।

# बेहड़ ने 8.1 लाख की विकास योजनाओं का किया लोकार्पण

## पंतपुरा में सीसी मार्ग और पटेरी में श्मशान घाट के टीन शेड निर्माण से ग्रामीणों को मिलेगी राहत

किच्छा (उद संवाददाता)। विधायक तिलक राज बेहड़ ने विधायक निधि से 8.1 लाख रुपये की लागत से निर्मित दो महत्वपूर्ण विकास कार्यों का विधिवत उद्घाटन कर उन्हें क्षेत्रवासियों



को समर्पित किया। इसके अंतर्गत ग्राम पंतपुरा में मुख्य मार्ग से मदन मोहन पंत के घर तक 1.81 लाख रुपये की लागत से निर्मित सीसी सड़क का लोकार्पण किया गया। वहीं, ग्राम पटेरी में श्मशान घाट के पास 5 लाख रुपये की लागत से टीन शेड एवं फर्श निर्माण तथा 1.20 लाख रुपये की लागत से मिट्टी भरान का कार्य पूर्ण कर जनता को सौंपा गया। इन कार्यों से अंतिम संस्कार के दौरान ग्रामीणों को मौसम की मार से राहत मिलेगी और व्यवस्था अधिक सुव्यवस्थित होगी। उद्घाटन के पश्चात विधायक बेहड़ ने दोनों ग्रामों में जनसंपर्क कर जनसंवाद कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। ग्रामीणों ने पेयजल, सड़क मरम्मत, विद्युत व्यवस्था तथा अन्य स्थानीय समस्याओं को उनके समक्ष रखा, जिस पर विधायक ने संबंधित विभागीय अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर विधायक तिलक राज बेहड़ ने कहा कि उनके लिए राजनीति का अर्थ केवल चुनाव नहीं बल्कि जनसेवा है और विधायक निधि का हर रुपया जनता की सुविधा व क्षेत्र के समग्र विकास के लिए समर्पित है। उन्होंने जोर दिया कि ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, श्मशान घाट, पेयजल और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने संकल्प दोहराया कि क्षेत्र के किसी भी गांव को विकास से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। विधायक के आगमन पर ग्रामवासियों ने फूल-मालाओं से उनका जोरदार स्वागत किया और विकास कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य गुरदास कालड़ा, कांग्रेस अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, राजेश प्रताप सिंह, विनोद पन्त, ओमप्रकाश गंगवार, गुलशन सिंधी, सई दुल रहमान, अशोक चुघ, सुनीता कश्यप, पुष्कर पन्त, कमल गंगवार, रजत गंगवार, धर्मेंद्र सिंधी, जगदीश गिरी, एन यू खान, टीकाराम, विजयपाल, अशोक, सीताराम, ज्ञानी गिरी, नंदलाल, पुरन गिरी, उलासी राम, बिक्कर सिंह, हीरा लाल, नत्थू लाल, विक्रमपाल, सतनाम सिंह, श्रीपाल, नरेन्द्र, रामबाबू, सतपाल, नवल किशोर और प्रमोद सहित अनेक कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
05944-246817

# अल्मोड़ा पहुंचे यूकेडी युवा प्रकोष्ठ केंद्रीय अध्यक्ष नेगी का भव्य स्वागत

अल्मोड़ा(उद संवाददाता) । उत्तराखंड क्रांति दल युवा प्रकोष्ठ केंद्रीय अध्यक्ष आशीष नेगी का गुरुवार को अल्मोड़ा पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान केंद्रीय अध्यक्ष नेगी ने गांधी पार्क और शहीद स्मारक में शहीदों को श्रद्धांजलि दी। नगर के गांधी पार्क में आयोजित सभा के दौरान केंद्रीय अध्यक्ष आशीष नेगी ने भाजपा-कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। कहा कि उत्तराखंड में युवा बेरोजगारी की मार झेल रहा है। पेपर लीक, भ्रष्टाचार से युवा त्रस्त है। वहीं, बाहरी व्यक्तियों को उत्तराखंड में रोजगार दिया जा रहा है। जिससे यहां का युवा हताश है। कहा कि



अगर उत्तराखंड का सर्विंग विकास नहीं हो रहा है तो उसके लिए स्थाई राजधानी गैरसैंण ना होना बहुत बड़ा कारण है। इस दौरान उन्होंने उत्तराखंड में मूल निवास 1950 लागू करने, उत्तराखंड की संस्कृति, भाषा जैसे मुद्दे और आने वाले समय में उत्तराखंड में यहां के निवासियों पर अपने अस्तित्व को बचाने जैसी बातों को रखा। उन्होंने उत्तराखंड में युवाओं को यूकेडी में जुड़ने का आवाह्न किया।इस अवसर पर यूकेडी जिलाध्यक्ष दिनेश जोशी, युवा प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष कुलदीप रावत, युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष रघुवर सिंह भाकुनी, केंद्रीय संगठन मंत्री नरेंद्र सिंह बिष्ट, केंद्रीय मंत्री गिरीश नाथ गोस्वामी, कार्यकारी अध्यक्ष पान सिंह रावत, महिला जिलाध्यक्ष दीपा जोशी, जिला महामंत्री आनंद बोरा, महानगर अध्यक्ष मोहित साह, आयुष रावत, गौरव जोशी, रवि नेगी, पंकज कपकोटी, विनीत बोरा, राजेंद्र मलकानी, किरन मेहरा, सुजीत टम्टा, जगदीश जोशी समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जयंती पर रामकृष्ण परमहंस को किया याद

अल्मोड़ा(उद संवाददाता) । रामकृष्ण कुटीर में गुरुवार को रामकृष्ण परमहंस की जयंती मनाई। जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम हुए। वक्ताओं ने लोगों को रामकृष्ण परमहंस के जीवन और विचारों को जानने के लिए प्रेरित किया। गुरुवार को रामकृष्ण परमहंस की 190 वीं जयंती पर रामकृष्ण कुटीर में मंगल आरती हुई। साथ ही वैदिक मंत्रोच्चार भी किए गए। होम के साथ श्रद्धालुओं की ओर से पुष्पांजलि दी। कार्यक्रम में रामकृष्ण परमहंस के जीवन और विचारों पर चर्चा की गई। आश्रम के अध्यक्ष स्वामी ध्रुवेशानंद महाराज ने कहा कि रामकृष्ण परमहंस का जीवन संदेश ईश्वर के प्रति हम सबको अग्रसर करने में सर्व उपयोगी है। उनके जीवन और विचारों को जानने और समझने की जरूरत है। उनके विचार भौतिकता और प्रतिस्पर्धा के इस जीवन में हमें निर्देशित और प्रेरित करते हैं। जयंती के अवसर पर आश्रम में भंडारा भी लगा। भंडारे में काफी संख्या में लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। वहीं, कार्यक्रम में राजकीय शिशु सदन, नारी निकेतन और किशोर बाल गृह के बच्चों ने भजनों की प्रस्तुति दी। शारदा मठ की ओर से ऊनी कपड़ों और रामकृष्ण कुटीर की पुस्तकों का स्टॉल लगाया गया था।

# बिना वेरिफिकेशन के रह रहे सैकड़ों लोग चिन्हित

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। पुलिस मुख्यालय देहरादून के आदेशों के क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऊधमसिंहनगर अजय गणपति के निर्देशानुसार जनपद में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु वृहद सत्यापन अभियान चलाया गया। आज दिनांक 19 फरवरी 2026 को जनपद के सभी थाना व कोतवाली क्षेत्रों में गठित पुलिस टीमों ने किरायेदारों, बाहरी श्रमिकों और संदिग्ध व्यक्तियों के सत्यापन के लिए सघन चेकिंग की। इस दौरान जिलेभर में सैकड़ों लोगों का वेरिफिकेशन किया गया और नियमों का उल्लंघन करने वाले मकान मालिकों व बाहरी व्यक्तियों के खिलाफ पुलिस एक्ट के तहत चालान की कार्यवाही की गई।अभियान के तहत कोतवाली किच्छा पुलिस ने सर्वाधिक सक्रियता दिखाते हुए वार्ड संख्या 13, 14, कुरैशी मोहल्ला व बोरिंग गली में 110 व्यक्तियों का सत्यापन किया। वहीं कोतवाली पंतनगर पुलिस द्वारा संजय और मस्जिद कॉलोनी में 89 लोगों का सत्यापन कर 15 चालान किए गए। खटीमा कोतवाली अंतर्गत चकरपुर व मझौला क्षेत्र में 42 सत्यापन व 03 चालान, जबकि ट्रांजिट कैंप पुलिस ने 37 सत्यापन व 01 चालान किया। सितारगंज पुलिस द्वारा कस्बा, सिडकुल और शक्तिफार्म क्षेत्र में 35 लोगों का विवरण दर्ज किया गया। झनकईया पुलिस ने 25 सत्यापन व 05 चालान, जसपुर पुलिस ने 26 सत्यापन व 05 चालान, और बाजपुर पुलिस ने मुडियाकला व बन्नाखेड़ा में 18 व्यक्तियों का सत्यापन किया। इसी प्रकार नानकमत्ता में 10 सत्यापन व 01 चालान, गदरपुर में 10 सत्यापन, दिनेशपुर में 06 सत्यापन व 05 चालान, आईटीआई में 12 सत्यापन व 06 चालान, रुद्रपुर में 14 सत्यापन व 06 चालान, पुलभट्टा में 14 सत्यापन तथा कुण्डा में 09 सत्यापन के साथ 09 चालान किए गए।अभियान के दौरान जनपद पुलिस ने स्पष्ट संदेश दिया कि बिना सत्यापन के किरायेदार या बाहरी व्यक्ति रखने वालों के विरुद्ध पुलिस एक्ट के तहत सख्त वैधानिक कार्यवाही जारी रहेगी।







# खटीमा में बुजुर्ग महिला की संदिग्ध मौत से सनसनी

## कमरे में मृत मिलीं सत्संग से जुड़ी जानकी, पुलिस ने विसरा सुरक्षित रख जांच शुरू की, हत्या की आशंका

खटीमा (उद संवाददाता)। देवभूमि धर्मशाला कॉलोनी में उस समय हड़कंप मच गया जब लगभग 60 वर्षीय जानकी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया। वहीं अकेली बुजुर्ग महिला का कमरे में शव मिलने से हत्या की आशंका जतायी जा रही है। इस घटना ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है और कॉलोनी में दहशत का माहौल है। जानकी मकान की दूसरी मंजिल पर अकेली रहती थीं। घटना का खुलासा तब हुआ जब वह पूरे दिन अपने कमरे से नीचे नहीं उतरीं। उन्हें लंबे समय तक न देख नीचे रह रहे किरायेदारों और पड़ोसियों को किसी अनहोनी की आशंका हुई। आनन-फानन में परिजनों और आसपास के लोगों को सूचित किया गया। जब लोगों की मौजूदगी में दरवाजा खोलकर अंदर देखा गया तो जानकी मृत अवस्था में पड़ी थीं। बुजुर्ग महिला को इस हाल में देख परिजनों में कोहराम मच गया और भारी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर एकत्र हो गए।सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू की। पुलिस की शुरुआती जांच में मामला काफी रहस्यमय नजर आ रहा है क्योंकि घर के अंदर का सारा सामान पूरी तरह व्यवस्थित मिला है। न तो घर की अलमारी टूटी हुई थी और न ही लॉकर या कीमती सामान से किसी तरह की छेड़छाड़ के निशान मिले। घटनास्थल पर किसी भी तरह के संघर्ष या जबरन प्रवेश के संकेत भी नहीं पाए गए हैं, जिससे



मौत के कारणों को लेकर सस्पेंस गहरा गया है। पुलिस ने गहनता से साक्ष्य जुटाने के लिए फोरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया और मृतका का मोबाइल फोन सहित अन्य संदिग्ध वस्तुओं को अपने कब्जे में ले लिया है। परिजनों और स्थानीय निवासियों ने बताया कि जानकी बेहद शांत और धार्मिक प्रवृत्ति की महिला थीं। वह पिछले 12-13 वर्षों से निरंतर सत्संग और आध्यात्मिक कार्यक्रमों से जुड़ी हुई थीं। बताया जा रहा है कि 20 फरवरी को उन्हें एक सत्संग कार्यक्रम के सिलसिले में दिल्ली जाना था, लेकिन उससे पहले ही उनकी मौत की खबर सामने आ गई।पारिवारिक पृष्ठभूमि की बात करें तो जानकी के पति का निधन करीब 12-13 वर्ष पूर्व हो चुका था। उनकी बेटियां विवाह के बाद अपने ससुराल में रहती हैं और बेटा नौकरी के सिलसिले में शहर से बाहर रहता है। परिवार के अन्य सदस्यों के अलग रहने के कारण वह लंबे समय से घर की ऊपरी मंजिल पर अकेली रह रही थीं, जबकि मकान का निचला हिस्सा उन्होंने किराये पर दिया हुआ था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। महिला के सिर चेहरे और गले पर भारी वस्तु से प्रहार के गहरे निशान मिले हैं। जबकि चिकित्सकों की प्रारंभिक रिपोर्ट में शरीर पर किसी भी तरह के बाहरी चोट के निशान नहीं मिले हैं। मौत की इस गुत्थी को सुलझाने के लिए चिकित्सकों ने विसरा सुरक्षित रखकर जांच के लिए लैब भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम की विस्तृत रिपोर्ट और विसरा जांच के बाद ही मौत की वास्तविक वजह सामने आ सकेगी। फिलहाल पुलिस मोबाइल डेटा, कॉल डिटेल्स और आसपास के लोगों से पूछताछ कर मामले के हर पहलू की बारीकी से जांच कर रही है। इस घटना ने शहर में अकेले रहने वाले बुजुर्गों की सुरक्षा को लेकर भी बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं।

## खटीमा में कृषि मंत्री ने जी राम जी रोजगार योजना की दी जानकारी

खटीमा (उद संवाददाता)। विकासखण्ड खटीमा के ब्लॉक सभागार में कृषि एवं कृषक कल्याण, सैनिक कल्याण एवं ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी द्वारा जी राम जी कार्यक्रम के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। मंच से संबोधन के दौरान उन्होंने बताया कि विकसित भारत जी राम जी गारंटी रोजगार योजना के तहत गरीब मजदूरों को 125 दिन तक रोजगार देने का प्रावधान किया गया है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित विभिन्न जन प्रतिनिधियों द्वारा क्षेत्रीय समस्याओं एवं विकास कार्यों से संबंधित अनेक बिंदुओं पर मंत्री को ज्ञापन सौंपे गए। इन ज्ञापनों पर संज्ञान लेते हुए मंत्री ने विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए और समस्याओं के यथाशीघ्र निस्तारण हेतु आश्वासन दिया। इस आयोजन में जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्या, नगर पालिका अध्यक्ष रमेश जोशी, सांसद प्रतिनिधि रविन्द्र सिंह राणा, सतीश भट्ट, मंडी अध्यक्ष नन्दन सिंह खड़ायत सहित जिला विकास अधिकारी, मुख्य कृषि अधिकारी एवं खण्ड विकास अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ब्लॉक के समस्त कार्यालय कर्मचारी और स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने भी प्रतिभाग किया। मंत्री ने स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं से संवाद कर उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की और ग्रामीण विकास में उनकी भागीदारी को महत्वपूर्ण बताया।





## डॉ अनुज अग्रवाल की माता उर्मिला अग्रवाल का निधन, मरणोपरांत किया गया नेत्रदान

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पशु चिकित्सक एवं लायंस क्लब हल्द्वानी ग्रीन सिटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ अनुज अग्रवाल की माता उर्मिला अग्रवाल (85 वर्ष) का गत दोपहर स्वर्गवास हो गया। वह पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रही थीं। उनके निधन के पश्चात रामपुर रोड स्थित निवास स्थान अग्रवाल पेट केयर क्लीनिक पर डॉक्टर गोविंद मेहरा एवं डॉक्टर ऐश्वर्या के निर्देशन में उर्मिला अग्रवाल के नेत्रदान की प्रक्रिया संपन्न की गई। लायंस क्लब हल्द्वानी ग्रीन सिटी के अध्यक्ष डॉ प्रमोद अग्रवाल गोल्डी की प्रेरणा एवं प्रयासों से डॉ अनुज अग्रवाल ने अपनी माता के नेत्रदान के संकल्प को पूरा किया, जिससे अब उनकी आंखों से कोई दूसरा व्यक्ति दुनिया देख सकेगा।उर्मिला अग्रवाल अपने पीछे पुत्र डॉक्टर अनुज अग्रवाल के अलावा तीन पुत्रियां साधना, सरिता, सीमा सहित नाती-पोतों से भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। लायंस क्लब हल्द्वानी ग्रीन सिटी द्वारा आयोजित शोक सभा में उनके निधन पर गहरा दुख प्रकट करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शोक सभा में अनुज कांत अग्रवाल, निशुल् अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, मधुकर श्रोतिय, राखी अग्रवाल, अनीता अग्रवाल, अंजू अग्रवाल, योगिता बनौला, मुकेश गुप्ता, पंकज अग्रवाल, अभिनव बिश्नोई, राकेश वर्मा सहित क्लब के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



## अवैध इंजेक्शनों के साथ तस्कर गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। ड्रग फ्री देवभूमि मिशन को सार्थकता प्रदान करने के उद्देश्य से जनपद में मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम हेतु एसएसपी नैनीताल मंजूनाथ टीसी द्वारा सभी अधीनस्थों को वृहद स्तर पर चेकिंग अभियान चलाने तथा तस्करों की गिरफ्तारी के सख्त निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक हल्द्वानी मनोज कुमार कत्याल व सीओ हल्द्वानी अमित कुमार के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक हल्द्वानी विजय मेहता के नेतृत्व में पुलिस टीम ने नशे के सौदागरों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।पुलिस टीम द्वारा हल्द्वानी क्षेत्र में चेकिंग के दौरान साजिद पठान पुत्र जावेद गुड्डू उर्फ महबूब निवासी कब्रिस्तान गेट के पास वनभूलपुरा को 07 अदद ब्यूप्रेनोरफिन व 06 अदद एविल इंजेक्शन सहित कुल 13 अवैध इंजेक्शनों के साथ दबोचा गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध कोतवाली हल्द्वानी में एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तारी टीम में मंगलपड़ाव चौकी प्रभारी गौरव जोशी, सहायक उपनिरीक्षक मान सिंह, कांस्टेबल कमलेश नौला और कांस्टेबल अरुण राणा शामिल रहे।



## फ्री योजनाओं से पनप रही अकर्मण्यता: गणेश

किच्छा (उद संवाददाता)। कांग्रेस प्रवक्ता एवं पूर्व दर्जा राज्य मंत्री उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी गणेश उपाध्याय ने देश में वर्तमान में संचालित फ्री (मुफ्त) योजनाओं पर गहरा कटाक्ष करते हुए इन पर अंकुश लगाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा इन योजनाओं पर की गई टिप्पणी वर्तमान परिस्थितियों में बेहद सटीक है। उपाध्याय ने तर्क दिया कि बेरोजगारों को एक निश्चित समय के लिए बेरोजगारी भत्ता देना या शिक्षा को सस्ता व मुफ्त करना एक सकारात्मक कदम हो सकता है, लेकिन केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा बिजली, पानी, आटा, दाल, चावल और चीनी जैसी वस्तुओं को पूरी तरह मुफ्त देने की होड़ से समाज में अकर्मण्यता की भावना पैदा हो रही है। उन्होंने कहा कि मुफ्त की इन योजनाओं से युवाओं में काम करने की प्रवृत्ति खत्म हो रही है, जो राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य के लिए उचित नहीं है। पूर्व दर्जा मंत्री ने देश की आर्थिक स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि वर्ष 2014 से पहले देश पर लगभग 55 लाख करोड़ रुपये का कर्ज था, जो अब बढ़कर 197 लाख करोड़ रुपये के करीब पहुंच चुका है। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता हासिल करने के लिए जनता को प्रलोभन देकर देश को कंगाली के कगार पर ले जाया जा रहा है। उपाध्याय ने कहा कि विकसित भारत और शविश्व गुरुश की बातें धरातल से परे नजर आती हैं, जब हमारे देश के निर्णयों पर बाहरी देशों का प्रभाव दिखने लगता है। उन्होंने सर्वे का हवाला देते हुए कहा कि मुफ्त राशन पाने वाले परिवारों के युवाओं में नशे की लत और काम के प्रति उदासीनता बढ़ी है। सरकार की जिम्मेदारी सस्ता राशन उपलब्ध कराना और लोगों को काम के प्रति प्रेरित करना होना चाहिए, न कि मुफ्तखोरी को बढ़ावा देना। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इन नीतियों पर जल्द विचार नहीं किया गया, तो देश का युवा अपने लक्ष्य से पूरी तरह भटक जाएगा।



## पॉलिटेक्निक कॉलेज में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

नैनीताल (उद संवाददाता)। उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा-निर्देशानुसार एवं जिला न्यायाधीश प्रशांत जोशी के निर्देशन में शविश्व सामाजिक न्याय दिवसश के अवसर पर राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज नैनीताल में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव और सिविल जज (सी.डी.) श्रीमती पारुल थपलियाल के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर का संचालन अध्यापिका प्रतिभा आर्या द्वारा किया गया।शिविर के दौरान सचिव पारुल थपलियाल ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि विश्व सामाजिक न्याय दिवस का मुख्य उद्देश्य समाज में सामाजिक न्याय को प्रोत्साहित करना है, ताकि प्रत्येक व्यक्ति को उसके अधिकारों और सुविधाओं का समान अवसर मिल सके। उन्होंने समाज में सामाजिक न्याय की आवश्यकता पर जोर देते हुए लोगों को जागरूक करने की बात कही। इसके साथ ही उन्होंने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी।नशे की बढ़ती प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से सचिव ने एनडीपीएस एक्ट के बारे में बताते हुए कहा कि उत्तराखंड में नशीले और साइकोट्रोपिक पदार्थों से संबंधित अत्यंत कठोर कानून लागू है। उन्होंने बताया कि इस एक्ट के तहत मादक औषधियों के व्यापार, उत्पादन, खरीद-बिक्री और परिवहन को नियंत्रित किया जाता है। इसमें नारकोटिक्स (चरस, गांजा, अफीम आदि) और साइकोट्रोपिक (केमिकल आधारित पदार्थ) शामिल हैं। सजा के प्रावधानों की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि नशीले पदार्थों की मात्रा के आधार पर सजा तय होती है। छोटी मात्रा के लिए 1 वर्ष तक की कैद, मध्यम मात्रा के लिए 10 वर्ष तक और व्यावसायिक मात्रा के लिए 10 से 20 वर्ष तक के सश्रम कारावास व 2 लाख रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ए.के.एस. गौर, प्रतिभा आर्या और यशवंत कुमार सहित कई लोग उपस्थित रहे।



## रीप परियोजना के सहयोग से दानपुर की गीता ने शुरू किया रेस्टोरेंट, प्रतिदिन कमा रहीं हजारों रुपये

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में किए जा रहे प्रयास आज जमीनी स्तर पर सकारात्मक बदलाव की मिसाल बन रहे हैं। इसी का एक प्रेरणादायक उदाहरण विकास खण्ड रुद्रपुर के दानपुर ग्राम की निवासी गीता कम्बोज हैं, जो कभी एक सामान्य गृहिणी के रूप में आर्थिक कठिनाइयों से जूझ रही थीं। परिवार की सीमित आय और बढ़ती जिम्मेदारियों के बीच जीवनयापन करना उनके लिए चुनौतीपूर्ण हो गया था, लेकिन स्वयं सहायता समूह से जुड़ने के बाद उनके जीवन में बदलाव की शुरुआत हुई। समूह से जुड़ते हुए उन्होंने ग्राम संगठन और फिर कलस्टर स्तर पर अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की। इसी दौरान ग्रामोत्थान (रीप) परियोजना की टीम द्वारा उन्हें व्यक्तिगत उद्यम योजना की जानकारी दी गई, जिसने उनके आत्मनिर्भर बनने के सपने को नई दिशा दी। रीप परियोजना के माध्यम से गीता कम्बोज को 50 हजार रुपये का बैंक ऋण, 30 हजार रुपये की अनुदान राशि तथा 20 हजार रुपये का स्वयं का अंश लगाकर एक रेस्टोरेंट शुरू करने का अवसर मिला। आज यह छोटा सा प्रयास एक सफल उद्यम में बदल चुका है। अपने रेस्टोरेंट के माध्यम से गीता कम्बोज प्रतिदिन लगभग 3 से 4 हजार रुपये की आय अर्जित कर रही हैं और अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। यह सफलता न केवल उनके आत्मविश्वास और मेहनत का परिणाम है, बल्कि सरकार की उस प्रतिबद्धता का भी प्रतीक है, जिसके तहत महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया जा रहा है। आज गीता कम्बोज जैसी अनेक महिलाएं सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर अपने पैरों पर खड़ी हो रही हैं और प्रदेश के समग्र विकास में सक्रिय भागीदारी निभा रही हैं।



# नशामुक्त उत्तराखंड अभियान : मुख्य सचिव ने शिक्षण संस्थानों को दी चेतावनी

## छात्र के नशे में संलिप्त पाए जाने पर तय होगी प्रबंधन की जवाबदेही



देहरादून (उद संवाददाता)। सचिवालय सभागार में मुख्य सचिव आनंद बर्धन की अध्यक्षता में शैक्षणिक व तकनीकी संस्थानों, सिविल सोसाइटी, गैर सरकारी संगठनों, कॉलेजों तथा युवा केंद्रित प्रशिक्षण प्रदाता संस्थानों के साथ नशामुक्त उत्तराखंड-नशामुक्त भारत अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु महत्वपूर्ण कार्यशाला आयोजित की गई। मुख्य सचिव ने स्पष्ट किया कि नशामुक्ति का रोडमैप केवल सरकारी प्रयासों से सफल नहीं हो सकता और इसके लिए समाज, शिक्षण संस्थानों, अभिभावकों और सिविल सोसाइटी की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सामूहिक एवं व्यक्तिगत जिम्मेदारी निभाते हुए ही इस सामाजिक बुराई का उन्मूलन संभव है ताकि युवाओं को सुरक्षित रखते हुए विकसित भारत के निर्माण में उनकी सक्रिय भूमिका सुनिश्चित की जा सके। मुख्य सचिव ने सख्त निर्देश दिए कि कोई भी संस्थान नशे के आदी छात्र की जानकारी न छुपाए और संस्थान की छवि से अधिक बच्चों के भविष्य को महत्व दिया जाए। उन्होंने संस्थानों से एक सुदृढ़ कार्ययोजना बनाने के लिए सुझाव मांगे और विशेष रूप से नए प्रवेश लेने वाले एवं पीजी व हॉस्टल में रहने वाले छात्रों की नियमित ट्रैकिंग करने, गलत संगति की पहचान करने और समय रहते परामर्श व उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर बल दिया।मुख्य सचिव ने कहा कि यदि किसी प्रकार की ड्रग्स से संबंधित जानकारी हो तो उसे टोल फ्री नंबर 1933 पर साझा किया जा सकता है, इसके अतिरिक्त संबंधित जिला प्रशासन, एसटीएफ एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय को भी सूचित किया जा सकता है। उन्होंने प्राथमिकता दी कि नशे के आदी युवाओं को दंडित करने के बजाय समय रहते स्वास्थ्य सेवाओं और काउंसलिंग से जोड़कर मुख्यधारा में लाया जाए। उन्होंने ड्रग डिटेक्शन किट के उपयोग संबंधी जानकारी प्राप्त करने और जनपद स्तरीय रोडमैप तैयार करने में सभी संस्थानों से सहयोग का आग्रह किया। मुख्य सचिव ने अभिभावकों की भागीदारी पर जोर देते हुए कहा कि संस्थान अभिभावकों के साथ नियमित संवाद स्थापित करें तथा सार्वजनिक मंचों पर जागरूकता कार्यक्रम चलाएं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसी शैक्षणिक संस्थान का छात्र सार्वजनिक स्थल पर नशे या अवैध गतिविधियों में संलिप्त पाया जाता है तो संबंधित संस्थान की जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने एसटीएफ एवं संबंधित जनपदों को निर्देश दिए कि इस विषय पर नियमित बैठकें आयोजित की जाएं और संस्थानों के सुझावों को कार्ययोजना में शामिल कर जमीनी स्तर पर परिणाम सुनिश्चित किए जाएं। कार्यशाला में एसटीएफ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने संस्थानों और जिला प्रशासन के बीच समन्वय पर जानकारी दी। इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक नीलेश आनंद भरणे, विशेष सचिव निवेदिता कुकरेती, जिलाधिकारी देहरादून सविन बंसल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून प्रमेंद्र डोभाल सहित संबंधित अधिकारी और विभिन्न संस्थानों व सिविल सोसाइटी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# गायन प्रतियोगिता में बिखेरे सुर ,गुरुकुल इण्टर कॉलेज की टीम रही अव्वल





रूद्रपुर । गांधी पार्क में आयोजित सरस आजीविका मेला में गुरूवार को विद्यालयी शिक्षा विभाग की गायन प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। गायन प्रतियोगिता में विकासखण्ड रूद्रपुर, गदरपुर एवं सितारगंज के विभिन्न विद्यालयों की टीमों के द्वारा प्रतिभाग किया गया। विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्राओं द्वारा गायन प्रतियोगिता के दौरान देशभक्ति गीत, प्रेरणा गीत एवं लोक गीतों का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। निर्णायक मण्डल द्वारा प्राप्त अंकों के आधार पर गायन प्रतियोगिता में गुरूकुल इण्टर कॉलेज ट्रांजिट कैम्प रूद्रपुर की टीम ने प्रथम स्थान, रा०बा०इ०का० पन्तनगर की टीम ने द्वितीय स्थान एवं गुरूनानक बालिका इण्टर कॉलेज रूद्रपुर की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। गायन प्रतियोगिता की नोडल अधिकारी शुभा रावत प्रधानाचार्या रा०बा०इ०का० फाजिलपुर महरौला ने सभी विजयी टीमों को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी। प्रतियोगिता की समाप्ति के पश्चात् प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त टीमों को पुरस्कृत किया गया तथा समस्त प्रतिभागी छात्र छात्राओं को प्रतिभागिता प्रमाण पत्र वितरित किये गये। राष्ट्रपति पुरुस्कार प्राप्त रंग कर्मी ललित पोखरिया ने बताया कि रंगमंच अभिव्यक्ति का सबसे सशक्त माध्यम तो है ही यह बच्चों के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास का भी अतुलनीय माध्यम है। एक व्यक्ति के गुणात्मक विकास में यह साहित्य, संगीत, नृत्य, चित्रकला आदि माध्यमों से कई गुना अधिक परिणामपरक कार्य कर सकता है। इसीलिए बच्चों के व्यक्तित्व विकास के लिए अभिनय के प्रशिक्षण को पाठ्यक्रम का अंग बनाने की बात की जाती है।मनुष्य के व्यक्तित्व के चार आयाम होते हैं -वाणी और शरीर भौतिक आयाम है तथा मन और मस्तिष्क अभौतिक आयाम। अभिनय प्रशिक्षण से जुड़े अनेक अभ्यास व्यक्तित्व के इन चारों आयामों को अभिनयपरक बनाने के साथ-साथ एक आदर्श व्यक्तित्व का भी निर्माण भी तैयार करते हैं। शरीर को स्वस्थ रखने और वाणी को प्रभावशाली बनाने के साथ-साथ उच्चारण की शुद्धता और स्पष्टता का विकास करते हैं। धैर्य, एकाग्रता, अनुशासन, एकता, समानता, चिन्तनशीलता, विश्लेषण शक्ति, तर्क शक्ति, कल्पनाशीलता, रचनात्मकता और नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं। अभिनय का कार्य आनन्ददायक होने के कारण बच्चे पूर्ण मनोयोग से उसका प्रशिक्षण प्राप्त करते हुए उपरोक्त समस्त गुणों का विकास कर सकते हैं। उपरोक्त उद्देश्यों को ध्यान में रखकर आज बच्चों को रंगमंच कला का सामाजिक महत्व बताने के साथ-साथ उससे जुड़े अभ्यासों का सैद्धान्तिक और क्रियात्मक परिचय कराया गया।इस अवसर पर पी डी हिमांशु जोशी,जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी नन्दिनी तोमर, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी हेमन्त मौर्य, गायन प्रतियोगिता के कार्यक्रम समन्वयक देवेन्द्र सिंह चौहान, निर्णायक नंदिता सरकार व इशिता सरकार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का संचालन संयुक्त रूप से विभु कृष्णा,हरीश दनाई एवं संजीव बुधौरी द्वारा किया गया।

# भारतीय स्टेट बैंक ने छात्राओं को बांटी साईकिल



काठगोदाम (उद संवाददाता)। भारतीय स्टेट बैंक की काठगोदाम शाखा द्वारा अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) गतिविधियों के अंतर्गत नगर निगम इंटर कॉलेज, काठगोदाम में कक्षा 10 की बालिकाओं को साइकिलों का वितरण किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना तथा उनके विद्यालय आने-जाने की सुविधा को सुगम बनाना है। कार्यक्रम के दौरान भारतीय स्टेट बैंक काठगोदाम शाखा प्रबंधक हेमंत पुजारी और क्षेत्रीय कार्यालय हल्द्वानी के मुख्य प्रबंधक अजय सिंह, विद्यालय की प्रधानाचार्या पुष्पा गोस्वामी, नगर निगम वार्ड नंबर 1 की पार्षद बबली वर्मा सहित शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।इस अवसर पर शाखा प्रबंधक हेमंत पुजारी ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा ही समाज के समग्र विकास की आधारशिला है और बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है। उन्होंने छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए निरंतर परिश्रम और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय प्रशासन ने भारतीय स्टेट बैंक की इस सराहनीय पहल के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के सहयोग से छात्राओं में आत्मनिर्भरता और शिक्षा के प्रति उत्साह बढ़ेगा। कार्यक्रम के अंत में चयनित छात्राओं को साइकिलें प्रदान की गईं, जिसकी सभी ने प्रशंसा की।






# तुलसीधाम में 'माँ गंगा अवतरण' के जीवंत मंचन ने मोहा भक्तों का मन





रूद्रपुर(उद संवाददाता)। श्री तुलसीधाम में आयोजित 72वें 'श्री तुलसी महोत्सव' के अवसर पर माँ गंगा अवतरण का भव्य धार्मिक मंचन किया गया। इस विशेष आयोजन में हल्द्वानी से पधारी सुजाता माहेश्वरी और उनकी टीम ने अपनी कला के माध्यम से दिखाया कि माँ गंगा धरती पर किस प्रकार अवतरित हुईं, जिसे देखकर उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर हो गए। महोत्सव का शुभारंभ गदरपुर से पधारे समाजसेवी अशोक सुध।और अनिल सुधा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस पावन अवसर पर रुद्रपुर के विधायक शिव अरोरा, गदरपुर की ब्लॉक प्रमुख ज्योति ग्रोवर और पूर्व मेयर रामपाल सिंह ने भी शिरकत की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाजसेवी अशोक सुधा ने कहा कि श्री तुलसीधाम आस्था का एक बहुत बड़ा केंद्र है, जहाँ लोगों की मनोकामनाएं पूरी होती हैं। विधायक शिव अरोरा ने श्री तुलसीधाम सेवा समिति के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि जिस निष्काम भाव से यहाँ सेवा की जाती है, वह अत्यंत प्रशंसनीय है और इसे निरंतर जारी रहना चाहिए। वहीं, ब्लॉक प्रमुख ज्योति ग्रोवर और प्रीत ग्रोवर ने भी समिति द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की प्रशंसा की। पूर्व मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि वह कई वर्षों से इस धाम से जुड़े हैं और प्रतिवर्ष यहाँ का स्वरूप और भव्य होता जा रहा है। अंत में श्री गुरु महाराज ने श्रद्धालुओं को आशीर्वचन देते हुए कहा कि मानव जीवन परोपकार और सेवा के लिए मिला है, इसलिए हमें अधिक से अधिक समाज सेवा के कार्यों में संलग्न रहना चाहिए। कार्यक्रम के समापन पर समिति के सदस्यों द्वारा सभी सम्मानित अतिथियों को शाल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर साहिल सुधा, साहिल सुधा,प्रीति सुधा, साक्षी सुधा, कनिका सुधा, कशिश सुधा, अंकुर अरोरा, रितु अरोरा, कमलेश नरूला, नवीन नरूला, उपेन्द्र चौधरी, मनीष अग्रवाल, अभि अग्रवाल, नरेंद्र अरोरा, राजेश छाबड़ा, राजकुमार खनिजो, वेद प्रकाश, गुरुदास, विक्की ग्रोवर, झंडा राम बागा, तिलक बांगा, सुरेश नरूला, विपिन बांगा, पंकज गांधी, पुलकित चावला, बैजनाथ छाबड़ा, भजन बांगा, जगदीश शर्मा, विनोद बेहड़, किशन मक्कड़, हरिदेव बांगा, सजल अनेजा सहित पूरा श्री तुलसीधाम परिवार मौजूद रहा।








# सरस मेले में पूर्वांचल और बॉलीवुड के सांस्कृतिक रंगों की धूम

## पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी ने की शिरकत, श्वेता महर के गीतों पर थिरका रुद्रपुर का जनसमूह ,देर रात तक झूमते रहे लोग

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। उधम सिंह नगर कार्निवाल सरस आजीविका मेला के छठे दिन आयोजित पूर्वांचल बॉलीवुड सांस्कृतिक संध्या ने मेले में उमड़े जनसमूह को मनोरंजन, उत्साह और सांस्कृतिक विविधता के रंगों से सराबोर कर दिया। गांधी पार्क के मैदान में आयोजित इस भव्य संध्या का शुभारंभ पूर्वांचली लोक गायक रूपेश मिश्रा ने श्री गणेश स्तुति के साथ किया। इसके बाद उन्होंने और प्रांजलि ने अपने सुरीले गीतों से दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। मेले के छठे दिन मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व राज्यपाल एवं पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी ने सभी को मेले की बधाई दी। अपने संबोधन में उन्होंने उत्तराखंड और भारत सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीण उत्पादों और स्वरोजगार को बढ़ावा देने के साथ-साथ सांस्कृतिक एकता को भी मजबूत करते हैं। उन्होंने रुद्रपुर में त्रिशूल चौक बनाने के लिए मेयर और स्थानीय जनता को विशेष रूप से बधाई दी। सांस्कृतिक संध्या का मुख्य आकर्षण उत्तराखंड की प्रसिद्ध गायिका श्वेता महर रहीं। श्वेता महर के ऊर्जावान और लोकप्रिय गीतों ने कार्यक्रम में समां बांध दिया। उनके शानदार मंच प्रदर्शन और संगीत की धुनों ने पूरे आयोजन स्थल को उत्सवमय माहौल में बदल दिया, जहां उपस्थित लोग देर रात तक थिरकते नजर आए। यह मेला न केवल हस्तशिल्प और ग्रामीण उत्पादों का मंच





बन रहा है, बल्कि समाज के सभी वर्गों को जोड़ने वाला एक प्रमुख मनोरंजन केंद्र भी साबित हो रहा है। इससे पूर्व, मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शासनी ने मेले के विभिन्न स्टालों का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों के मनोरंजन के लिए लगाए गए झूलों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कड़े निर्देश दिए और अधिकारियों को सुरक्षा मानकों पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने हिमाचल प्रदेश के स्वयं सहायता समूह द्वारा लगाए गए स्टाल पर जाकर पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद चखा और डिजिटल इंडिया को बढ़ावा देते हुए ऑन लाइन माध्यम से भुगतान किया। उन्होंने व्यंजनों की प्रशंसा करते हुए मेले में आने वाले आगंतुकों से हिमाचल के पारंपरिक स्वाद का आनंद लेने का आग्रह किया। इस अवसर पर विधायक शिव अरोरा, मेयर विकास शर्मा, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, नगर पंचायत अध्यक्ष हिमांशु शुक्ला, विवेक सक्सेना, मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी, पीडी हिमांशु जोशी, जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल, उपजिलाधिकारी ऋचा सिंह, मुख्य शिक्षा अधिकारी के एस रावत, तहसीलदार दिनेश कुटौला, अधिशाषी अभियंता लघु सिंचाई सुशील कुमार, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी नंदनी तोमर सहित अनेक जन प्रतिनिधि, अधिकारी और भारी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।



# पूर्व मुख्यमंत्री कोश्यारी ने 'त्रिशूल चौक' की भव्यता देख महापौर की पीठ थपथपाई

## बोले-यह ऐतिहासिक कार्य कर रुद्रपुर का गौरव बढ़ाया

रुद्रपुर। त्रिशूल चौक की स्थापना से रुद्रपुर की पहचान को नई गरिमा मिलने लगी है। पहले मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस पहल पर महापौर विकास शर्मा की सराहना की थी, वहीं गुरुवार को प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं महाराष्ट्र के पूर्व




राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने चौक का भव्य अवलोकन करने के बाद भावुक होकर महापौर की पीठ थपथपाई। उन्होंने कहा कि विकास शर्मा ने यह ऐतिहासिक कार्य कर रुद्रपुर का गौरव बढ़ाया है और सच मायनों में "विकास" को साकार किया है।गुरुवार को रुद्रपुर प्रवास के दौरान श्री कोश्यारी गांधी पार्क में आयोजित यूएस नगर कार्निवल एवं सरस आजीविका मेले में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। मेले का अवलोकन करने के पश्चात उन्होंने महापौर विकास शर्मा के साथ नवनिर्मित 'त्रिशूल चौक' का निरीक्षण किया।त्रिशूल चौक की भव्यता और संकल्पना को देख श्री कोश्यारी अभिभूत हो उठे। उन्होंने महापौर का नाम लेते हुए प्रसन्नता व्यक्त की और कहा, "विकास ने वास्तव में विकास का कार्य किया है।" उन्होंने इस चौक को आस्था, शक्ति और आधुनिक विकास का अद्भुत संगम बताते हुए महापौर तथा रुद्रपुर की जनता को बधाई दी। उन्होंने कहा कि रुद्रपुर की जनता ने सदैव अपनी सांस्कृतिक विरासत को संजोकर रखा है और त्रिशूल चौक जैसे प्रतीक आने वाली पीढ़ियों को अपनी जड़ों और गौरवशाली संस्कृति से जोड़ने में मील का पत्थर सिद्ध होंगे।इससे पूर्व गांधी पार्क में सजे भव्य मेले की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल व्यापारिक गतिविधियों तक सीमित नहीं है, बल्कि भारत की विविध संस्कृति और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने का प्रभावी माध्यम बन गया है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के समन्वित प्रयासों से दूरदराज के स्वयं सहायता समूह और ग्रामीण शिल्पकार मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं, जो 'आत्मनिर्भर भारत' की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।इस अवसर पर किच्छा के पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, वरिष्ठ नेता सुरेश कोली, प्रदेश मंत्री धीरेंद्र मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष हिमांशु शुक्ला, वरिष्ठ नेता जेबी सिंह, राकेश सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक तथा बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।



# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## 'रोबोटिक डाग' के दावे

आमतौर पर झूठे दावों की हकीकत किसी न किसी रूप में सामने आ जाती है, लेकिन कई बार उसके नतीजे गंभीर होते हैं। दिल्ली में आयोजित 'एआइ इम्पैक्ट सम्मेलन' में हिस्सा लेने वाले गलगोटिया यूनिवर्सिटी के एक झूठ से न केवल उसकी फजीहत हुई, बल्कि इस आयोजन में बरती जाने वाली कोताही पर भी सवाल उठे।यह बात समझ से बाहर है कि इस संस्थान को चीन के बनाए 'रोबोटिक डाग' को अपना नवाचारी उत्पाद बता कर पेश करने की क्या जरूरत थी? एआई सम्मेलन में उपस्थित उसके प्रतिनिधि ने क्या सोच कर इस संबंध में अतिरेक से भरे और झूठे दावे किए? अव्वल तो भारत में कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर केंद्रित अंतरराष्ट्रीय स्तर के आयोजन की गरिमा को ध्यान में रखते हुए इस तरह के फर्जी और अनैतिक दावे करने के बारे में सोचना भी नहीं चाहिए था।दूसरे, ऐसा करते हुए एक बार भी इस बात का ध्यान रखना जरूरी नहीं समझा गया कि जिस तरह की तकनीक के बारे में झूठा दावा किया गया, आज इंटरनेट और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के युग में उस झूठ को सामने आने में ज्यादा वक्त नहीं लगता है। आखिर विवाद बढ़ने के बाद संस्थान को माफी मांगनी पड़ी, लेकिन इससे उसकी विश्वसनीयता पर गंभीर असर पड़ा है। इस विवाद को गंभीरता से लेते हुए सरकार ने उचित ही सम्मेलन से वह स्थल खाली करने को कहा गया, जहां इस निजी विश्वविद्यालय ने अपनी प्रदर्शनी लगाई थी। इस बात की पूरी संभावना है कि एआइ सम्मेलन में प्रदर्शित करने के लिए आए तमाम उत्पादों को मंजूरी पहले ही दी गई होगी। सवाल उठता है कि इस सम्मेलन में संस्थानों को जब अपने मौलिक एआइ उपकरणों को प्रस्तुत करने के लिए बुलाया गया होगा, तब गलगोटिया की ओर से लाए गए 'रोबोटिक डाग' और उसके बारे में बढ़-चढ़ किए गए दावों को लेकर आयोजकों की ओर से शुरू में ही जरूरी सवाल क्यों नहीं किए गए?आज जब देश कृत्रिम मेधा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां हासिल करने की जमीन तैयार करने में लगा है, तो ऐसे में इस विवाद ने सम्मेलन में एक असहज स्थिति पैदा की। सवाल केवल किसी संस्थान की साख का नहीं, बल्कि देश की प्रतिष्ठा का है। बदलते दौर में भू-राजनीतिक उथल-पुथल और अनिश्चितताओं के बीच भारत आर्थिक एवं रणनीतिक स्तर पर सहयोग बढ़ाने के लिए विभिन्न देशों के साथ साझेदारी को और व्यापक बनाने की राह पर आगे बढ़ रहा है। ब्रिटेन, यूरोपीय संघ और अमेरिका के साथ व्यापार समझौतों के बाद भारत ने अब फ्रांस के साथ द्विपक्षीय संबंधों को 'विशेष वैश्विक रणनीतिक साझेदारी' में बदल दिया है। इसके तहत दोनों देशों ने रक्षा, व्यापार और निवेश समेत कई क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने का संकल्प लिया है।

# मुख्य सचिव ने राजस्व प्राप्तियों की समीक्षा कर एसजीएसटी में 20 हजार करोड़ का लक्ष्य रखा

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्य सचिव आनंद बर्धन की अध्यक्षता में सचिवालय सभागार में राज्य की राजस्व प्राप्तियों की वर्तमान स्थिति एवं आगामी लक्ष्यों के यथार्थपरक आकलन के संबंध में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के राजस्व संग्रहण की प्रगति, संभावनाओं एवं लक्ष्य निर्धारण पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्य सचिव ने कहा कि एसजीएसटी के अंतर्गत लगभग 20,000 करोड़ रुपये तक राजस्व प्राप्ति की संभावनाएं हैं और उन्होंने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 20 हजार करोड़ रुपये का लक्ष्य निर्धारित करते हुए विभाग को टैक्स बेस का विस्तार करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जो व्यवसाय टैक्स की परिधि में आते हैं, उन्हें चिन्हित कर कराधान के दायरे में लाया जाए और ऐसे कमर्शियल प्रतिष्ठानों की पहचान की जाए जो वर्तमान में टैक्स नेट से बाहर हैं। उन्होंने चेताया कि एसजीएसटी में संभावनाएं अधिक होने के बावजूद अपेक्षित गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। बैठक



में सीजीएसटी, वैट, स्टांप एवं पंजीकरण, आबकारी, खनन, परिवहन, वन, विद्युत तथा जलकर आदि मदों की विभागवार समीक्षा की गई।मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि प्रत्येक विभाग अगली बैठक में सेक्टरवार टैक्सपेयर की संख्या, वृद्धि की रणनीति, जीएसडीपी में संबंधित सेक्टर का योगदान तथा संभावित राजस्व वृद्धि का विस्तृत डाटा प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में टैक्स संग्रहण की संभावनाएं हैं, वहां तार्किक और पारदर्शी व्यवस्था विकसित की जाए तथा नए राजस्व स्रोतों की पहचान की जाए। खनन विभाग की समीक्षा करते हुए मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि निजी एवं सरकारी दोनों प्रकार के खनन लॉट की समुचित पहचान की जाए और वन एवं गैर-वन क्षेत्रों में संभावित राजस्व स्रोतों का सर्वे कर ठोस कार्ययोजना तैयार की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि वन एवं हर्बल सेक्टर में भी राजस्व की अपार संभावनाएं हैं, जिन पर गंभीरता से कार्य करने की आवश्यकता है। मुख्य सचिव ने उन विभागों को भी चिन्हित कर राजस्व सृजन की प्रक्रिया में शामिल करने के निर्देश दिए जिन्हें अभी तक लक्ष्य आवंटित नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि सभी विभाग यह सुनिश्चित करें कि कोई भी संभावित कर स्रोत छूटने न पाए और टैक्स प्रणाली को अधिक प्रभावी बनाया जाए। मुख्य सचिव ने स्पष्ट किया कि राज्य की वित्तीय सुदृढ़ता के लिए राजस्व संग्रहण में गुणात्मक सुधार अनिवार्य है और सभी विभाग रणनीतिक दृष्टिकोण के साथ कार्य करें। बैठक में प्रमुख सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम, प्रमुख सचिव एल एल फैनई, सचिव दिलीप जावलकर सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ ने राज्यपाल से की भेंट



देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से आज लोक भवन में पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान पुलिस महानिदेशक ने राज्यपाल को आगामी चारधाम यात्रा की तैयारियों तथा कुंभ मेले हेतु प्रस्तावित सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, संवेदनशील स्थलों की निगरानी एवं अंतर विभागीय समन्वय की तैयारियों से विस्तार से अवगत कराया। राज्यपाल ने कहा कि कुंभ जैसे विश्वस्तरीय आयोजन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं अत्याधुनिक तकनीकों का व्यापक उपयोग सुनिश्चित किया जाए, ताकि भीड़ प्रबंधन, संदिग्ध गतिविधियों की पहचान तथा रियल-टाइम मॉनिटरिंग प्रभावी ढंग से की जा सके।उन्होंने निर्देशित किया कि कुंभ क्षेत्र में एडवांस्ड एवं एकीकृत कंट्रोल रूम की स्थापना की जाए जो विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों, सीसीटीवी नेटवर्क, ड्रोन सर्विलांस तथा ट्रैफिक मॉनिटरिंग सिस्टम से समन्वित हो, जिससे त्वरित निर्णय लेने एवं आपात स्थितियों में प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित की जा सके। राज्यपाल ने प्रदेशभर में चल रहे सघन सत्यापन अभियान को और अधिक फोकस एवं परिणामोन्मुखी ढंग से अनवरत संचालित करने पर बल दिया। आगामी चारधाम यात्रा के दृष्टिगत राज्यपाल ने स्पष्ट निर्देश दिए कि यात्रा मार्गों, पड़ाव स्थलों एवं मंदिर परिसरों में सुरक्षा, ट्रैफिक प्रबंधन, आपदा प्रबंधन एवं भीड़ नियंत्रण की पूर्व तैयारियां समयबद्ध रूप से पूर्ण की जाएं

# महाभारत एवं रामायण काल से कॉमर्स का उद्‌भव एवं आधुनिकीकरण

भारत में कॉमर्स का इतिहास बहुत प्राचीन है जिसकी जड़ें वैदिक काल, रामायण और महाभारत काल तक जाती है। रामायण और महाभारत के दौर से लेकर आज के डिजिटल युग तक कॉमर्स में व्यापक परिवर्तन एवं आधुनिकीकरण हुआ है। रामायण और महाभारत काल में मुख्य रूप से वस्तु विनिमय प्रणाली प्रचलित थी जहां एक वस्तु के बदले दूसरी वस्तु ली जाती थी। व्यापार को विनियमित करने के लिए श्रेणियां और निगम होते थे। आधुनिक कॉर्पोरेट निकायों के प्रारंभिक रूप थे। रामायण काल में कृषि पशुपालन और वन आधारित उत्पाद जैसे शहद, जड़ी बूटियां मुख्य थे। रामायण और महाभारत काल से ही वस्तु विनिमय कृषि और संगठित व्यापार के रूप में हो गया था, जो गुप्त साम्राज्य जैसे मजबूत शासको के अधीन मसाले घोड़े के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार तथा मुद्रा आधारित प्रणाली में विकसित होकर विस्तृत हुआ। रामायण काल में वाणिज्य मुख्य रूप से कृषि पशुपालन और वस्तु विनिमय आधारित था। स्थानीय स्तर पर व्यापार होता था। महाभारत काल में आर्थिक गतिविधियों में तेजी आई। इसमें अर्जन, सुवर्धन, और संरक्षण जैसे वित्त के मूल सिद्धांतों का वर्णन मिलता है। महाभारत काल में कुरुक्षेत्र जैसे स्थानों पर व्यापारिक गतिविधियों का उल्लेख मिलता है। जो नगरों और व्यापारिक मार्गों को जोड़ते थे। गुप्त काल में व्यापार में तेजी आई जिसमें रोमन साम्राज्य के साथ मसाले का व्यापक व्यापार प्रमुख था। विनिमय के माध्यम के रूप में सिक्कों का उपयोग बड़ा, जिसने



व्यापार को आसान बना दिया। इस दौरान व्यापारिक आचार संहिता और नियम भी थे। रामायण काल के प्रारंभिक विनिमय से लेकर महाभारत और परवर्ती कालों में सुनियोजित अंतर्राष्ट्रीय व्यापार तक भारतीय वाणिज्य निरंतर विकसित हुआ। चाणक्य के अर्थशास्त्र में व्यापार ,कर, और राज्य नियंत्रित वाणिज्य पर जोड़ दिया गया।

**कॉमर्स का आधुनिकीकरण :** भारत में आधुनिक कॉमर्स की यात्रा ब्रिटिश काल से शुरू होकर आज के डिजिटल युक्त तक आई है। ब्रिटिश काल में बैंकिंग प्रणाली, कागजी मुद्रा, हुंडी से आधुनिक बैंकिंग की शुरुआत हुई। स्वतंत्रता के बाद विशेष रूप से 1991 के उदारीकरण के बाद कॉमर्स का स्वरूप पूरी तरह बदल गया। बैंकिंग, बीमा, और शेयर बाजार (नेशनल स्टॉक एक्सचेंज एवं मुंबई स्टॉक एक्सचेंज) का विकास हुआ। आज का वाणिज्य क्लिक पर आधारित है। अमेजॉन, फ्लिपकार्ट जैसे ई-कॉमर्स प्लेटफार्म, यूपीआई, डिजिटल वॉलेट और नेट बैंकिंग ने पारंपरिक बाजार को डिजिटल बाजार में बदल दिया है। प्राचीन काल के कारवां की जगह आज तेज परिवहन, कंटेनर, हवाई माल ढुलाई ने ले ली है। प्राचीन और आधुनिक कॉमर्स में तुलना की दृष्टि से महाभारत एवं रामायण काल में विनिमय का माध्यम वस्तु विनिमय था जबकि आधुनिक युग में डिजिटल मनी हो गया है। व्यापारिक क्षेत्र स्थानीय कुछ हद तक अंतर्राष्ट्रीय था आधुनिक युग में ग्लोबल हो गया है। व्यापार इकाई श्रेणियां थी आधुनिक युग में कॉर्पोरेट ई-कॉमर्स कंपनियां है। आपूर्ति श्रृंखला बैलगाड़ी नदी मार्ग था। आधुनिक युग में ई. लॉजिस्टिक हो गया है। कॉमर्स का इतिहास यह दर्शाता है कि भारत हमेशा से एक महान व्यापारिक राष्ट्र रहा है जो समय के साथ वस्तु विनिमय से डिजिटल भुगतान की ओर बढ़ा है।

-डॉ धीरज पाराशरी,डायरेक्टर एकेडमिक्स ग्रीनवुड पब्लिक स्कूल, विजिटिंग डायरेक्टर द ग्रीन वर्ल्ड स्कूल

# पुलिस ने संदिग्धों की पहचान के लिए संभाला मोर्चा

किच्छा (उद संवाददाता)। उत्तराखंड पुलिस महानिदेशक के दिशा-निर्देशों के क्रम में चलाए जा रहे 'ऑपरेशन क्रैकडाउन' के तहत किच्छा पुलिस ने संदिग्धों और बाहरी व्यक्तियों की पहचान के लिए सघन अभियान छेड़ दिया है। कोतवाली प्रभारी प्रकाश सिंह दानू के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अभियान के प्रथम चरण में वन्डिया के विभिन्न क्षेत्रों में खुद धरातल पर उतरकर सत्यापन कार्य की कमान संभाली। इस मुहिम का मुख्य उद्देश्य सीमा पार से आकर छिपे हुए लोगों, अपनी पहचान बदलकर रह रहे अपराधियों और संदिग्ध प्रवृत्तियों वाले व्यक्तियों का पता लगाना है। सत्यापन अभियान के दौरान पुलिस घर-घर जाकर बिजली के बिल, पानी के बिल, जमीन के दस्तावेज, आधार कार्ड, पैन कार्ड और वोटर आईडी जैसे महत्वपूर्ण कागजातों की बारीकी से जांच कर रही है। इस पूरी प्रक्रिया में अत्याधुनिक श्पहचान ऐपश का सहारा लिया जा रहा है। इस ऐप की खासियत यह है कि इसके माध्यम से देश के किसी भी कोने में रहने वाले व्यक्ति की सटीक जानकारी और उसके आपराधिक इतिहास का तुरंत पता लगाया जा सकता है। इतना ही नहीं, यह ऐप वाहनों के सत्यापन और संदिग्धों के क्रियाकलापों पर पैनी नजर रखने में भी पुलिस की मदद कर रहा है। कोतवाली



प्रभारी प्रकाश सिंह दानू ने जानकारी देते हुए बताया कि ऑपरेशन क्रैकडाउन के तहत उत्तराखंड के सभी जनपदों के थानों को एक डिजिटल नेटवर्क से जोड़ा गया है, जिसमें अन्य प्रदेशों के थाने भी शामिल हैं। इससे अंतराज्यीय अपराधियों और सीमा पार से आए घुसपैठियों की पहचान करना अब बेहद सुगम हो गया है। उन्होंने क्षेत्र की जनता से अपील की है कि वे इस अभियान में पुलिस प्रशासन का पूर्ण सहयोग करें और अपना सत्यापन अनिवार्य रूप से कराएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस कार्रवाई का उद्देश्य अपराधियों और अवैध रूप से रह रहे लोगों को चिन्हित कर कानूनी कार्रवाई करना है, ताकि आम जनमानस को एक सुरक्षित वातावरण प्रदान किया जा सके। इस व्यापक अभियान में कोतवाली प्रभारी के साथ उपनिरीक्षक रेखा आर्य, देवराज सिंह, रेखा डालाकोटी, महेश चंद, दीपक जोशी, कुलदीप आर्य, संतोष उप्रेती और एलआईयू विभाग से भोपाल सिंह नेगी सहित भारी पुलिस बल शामिल रहा।

# मुख्यमंत्री ने दून हेलीड्रोम में एटीसी टावर और विकास योजनाओं के लिए दी करोड़ों की मंजूरी

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनपद देहरादून के तरला नागल स्थित दून हेलीड्रोम में एटीसी टावर के निर्माण हेतु 5.39 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत करने का अनुमोदन प्रदान किया है। प्रदेश में संचालित जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार अभियान के सफल आयोजन के लिए भी मुख्यमंत्री ने जनपदों में विभिन्न व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने हेतु राज्य आकस्मिकता निधि से 2.35 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी है। आपदा प्रबंधन की दृष्टि से संचार व्यवस्था को और अधिक आधुनिक और उच्चीकृत करने के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में विभाग को 10.66 करोड़ रुपये की धनराशि प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त नगर निगम काशीपुर के अंतर्गत टांडा तिराहा, चौती तिराहे और चौती मेला ग्राउंड पर कुल 2.10 करोड़ रुपये की लागत से हाईटेक शौचालयों के निर्माण को भी मंजूरी दी गई है। मुख्यमंत्री ने तपोवन, टिहरी गढ़वाल में नगर पंचायत कार्यालय भवन के लिए 1.58 करोड़ रुपये और विधानसभा क्षेत्र थराली के विकास खंड देवाल में बहुमंजिला पार्किंग निर्माण हेतु प्रथम चरण में 11.31 लाख रुपये का अनुमोदन किया है। एक अन्य महत्वपूर्ण निर्णय में मुख्यमंत्री ने जनपद अल्मोड़ा के विधानसभा क्षेत्र द्वाराहाट के अंतर्गत कुनीगाड-हिरूली बाजार से रामपुर-चौखुटिया मोटर मार्ग का नाम शहीद सूबेदार भवानीदत्त जोशी (सेना मेडल) के नाम पर करने की स्वीकृति प्रदान की है।


**कार्यालय नगर निगम रूद्रपुर ऊधमसिंह नगर**

e-mail:- nagarnigamrudrapur@gmail.com visit-www.nagarnigamrudrapur.com दूरभाष- 05944-242400

**"ई-निविदा सूचना"**

नगर निगम रूद्रपुर एवं विभिन्न शासकीय/अर्द्धशासकीय विभागों/निगमों में सिविल निर्माण कार्यों हेतु पंजीकृत ठेकेदार/ फर्मो को सूचित किया जाता है कि नगर निगम रूद्रपुर द्वारा 15 वां वित्त/राज्य वित्त की अनुदान एवं अन्य मद की धनराशि के अन्तर्गत निम्नांकित निर्माण कार्यों की ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारी उत्तराखण्ड शासन की वेबसाइट www.uktender.gov.in एवं नगर निगम रूद्रपुर की वेबसाइट www.nagarnigamrudrapur.com पर दिनांक 21.02.2026 से अवलोकित की जा सकती है तथा उत्तराखण्ड शासन की वेबसाइट www.uktender.gov.in से डाउनलोड व भरी हुई निविदा अपलोड की जा सकती है। अधिक जानकारी नगर निगम निर्माण अनुभाग के कक्ष संख्या 23 से किसी भी कार्यालय कार्य दिवस में प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक प्राप्त की जा सकती है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | आगणन धनराशि (लाख में) |
|---|---|---|
| 1. | नगर निगम रूद्रपुर क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न वार्डो में हॉटमिक्स कर सड़कों का निर्माण कार्य। (फेज-1) | 494.68 |
| 2. | नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न वार्डो में क्षतिग्रस्त सड़कों पर हॉटमिक्स द्वारा सड़क सर्फेसिंग का कार्य। (फेज-2) | 485.90 |
| 3. | देवभूमि रजत जयंती के अन्तर्गत वार्ड नं0-3 ट्रांजिट कैम्प रूद्रपुर में सुभाष पार्क का सौन्दर्यीकरण कार्य। | 159.24 |
| 4. | नगर निगम रूद्रपुर क्षेत्रान्तर्गत वार्ड नं0-28 में स्थित सब्जी मण्डी में पूर्ण रूप से अस्थाई टीन शैड की स्थापना एवं सी0 सी0 सड़क एवं नाली निर्माण कार्य। | 48.19 |
| 5. | वार्ड नं0 38 स्थित राजकुमार खनिजो के होटल से रमेश कालड़ा के घर तक सड़क के दोनों तरफ नालों एवं विभिन्न पुलियों का निर्माण कार्य। | 40.15 |
| 6. | Construction of Boundary Wall and Gate at Nagar Nigam Rudrapur. | 94.14 |

(शिप्रा जोशी पाण्डेय)
नगर आयुक्त
नगर निगम, रूद्रपुर, ऊधमसिंह नगर

(विकास शर्मा)
महापौर
नगर निगम, रूद्रपुर, ऊधमसिंह नगर

पत्रांक- 2998/स.नि.अनु./ई-नि.सू./2025-26 दिनांक- 19.02.2026

# वन टीम पर फायरिंग करने वाला मुख्य आरोपी गिरफ्तार

बाजपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऊधमसिंहनगर अजय गणपति के कुशल निर्देशन में बाजपुर पुलिस ने वन विभाग की टीम पर जानलेवा फायरिंग करने वाले मुख्य आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त 12 बोर की बंदूक भी बरामद कर ली है। घटनाक्रम के अनुसार, 17 फरवरी 2026 को बरहनी वन प्रभाग के वन दरोगा ठाकुर दत्त ध्यानी ने तहरीर देकर बताया था कि 14 फरवरी की रात्रि सूचना मिली थी कि दलजीत सिंह उर्फ डल्लू अपने साथियों के साथ अवैध असलहों और औजारों से लैस होकर जंगल में पेड़ काटने गया है। 15 फरवरी की सुबह लगभग 05:45 बजे ग्राम अस्कोट मार्ग पर वन टीम को पांच मोटरसाइकिलों पर खैर की लकड़ी लदी दिखाई दी। रोकने के संकेत पर तस्कर असंतुलित हो गए और लकड़ी के गिल्टे गिर गए। खुद को घिरता देख दलजीत सिंह उर्फ डल्लू व उसके साथियों ने वन विभाग की टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी और मौके से फरार हो गए थे। पुलिस अधीक्षक काशीपुर एवं क्षेत्राधिकारी बाजपुर के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक नरेश चौहान के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सुरागरसी-पतारसी तेज की। इसी क्रम में 18 फरवरी की देर रात्रि पुलिस ने नामजद अभियुक्त दलजीत सिंह उर्फ डल्लू (27 वर्ष) पुत्र चरणजीत सिंह, निवासी हरसान बरहेनी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में अभियुक्त ने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि उसने फायरिंग में इस्तेमाल की गई बंदूक जंगल में छिपा दी थी। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर हरसान कपकोट सड़क के पास झाड़ियों से 12 बोर की एक बंदूक बरामद की। गिरफ्तार अभियुक्त को चिकित्सीय परीक्षण के बाद न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। सफलता पाने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक नरेश चौहान, चौकी प्रभारी संदीप शर्मा, उप निरीक्षक धीरेंद्र परिहार, हेड कांस्टेबल दीपक कपड़े और कांस्टेबल सुरेश बिष्ट शामिल रहे।



# एसएसपी अजय गणपति ने ली पहली साप्ताहिक परेड

## भोजनालय की गुणवत्ता और अभिलेखों का किया निरीक्षण

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। नवनियुक्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऊधमसिंहनगर अजय गणपति के निर्देशन में शुक्रवार को पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड का आयोजन किया गया। पदभार ग्रहण करने के उपरांत आयोजित इस पहली परेड के माध्यम से एसएसपी ने जनपद के पुलिस बल की शारीरिक दक्षता, अनुशासन और टर्न-आउट (वेशभूषा) का अवलोकन किया। परेड में जनपद के सभी राजपत्रित अधिकारी, समस्त थाना प्रभारी, फायर सर्विस और विभिन्न शाखाओं के पुलिसकर्मी पूरी मुस्तैदी के साथ मौजूद रहे। परेड के दौरान एसएसपी अजय गणपति ने टोलीवार निरीक्षण किया और पुलिसकर्मियों के बीच बेहतर सामंजस्य व अनुशासन बनाए रखने के लिए विभिन्न टोलियों से ड्रिल करवाई। उन्होंने उपस्थित बल को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस सेवा में फिटनेस और अनुशासन सर्वोपरि है, जिसे हर हाल में बनाए रखना होगा। परेड की समाप्ति के बाद एसएसपी ने पुलिस लाइन परिसर का विस्तृत निरीक्षण भी किया। इस दौरान उन्होंने पुलिस भोजनालय में जाकर खाने की गुणवत्ता और साफ-सफाई की बारीकी से जांच की। एसएसपी ने पुलिस लाइन के महत्वपूर्ण अभिलेखों, गार्द रजिस्टर और आदेश कक्ष का भी अवलोकन किया और रिकॉर्ड्स के रखरखाव को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक पुख्ता करने के उद्देश्य से उन्होंने गार्द कमांडरों को मुल्जिम कमान ड्यूटी और महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा ड्यूटी के संबंध में कड़े निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सुरक्षा ड्यूटी में किसी भी प्रकार की शिथिलता अक्षम्य होगी।



# धूमधाम से मनाई छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती

रुद्रपुर। कुर्मी महासभा ने छत्रपति शिवाजी महाराज की 396वीं जयंती सुकृत एनक्लेव, शिमला बहादुर में हर्षोल्लास के साथ मनाई। कार्यक्रम का शुभारंभ उपस्थित अतिथियों और समाज के प्रबुद्ध जनों द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित करने के साथ हुआ। इस दौरान पूरा वातावरण जय भवानी, जय शिवाजी के उद्घोष से गुंजायमान रहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुर्मी महासभा के केंद्रीय अध्यक्ष सौरभ गंगवार ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज मात्र एक राजा नहीं, बल्कि अदम्य साहस, स्वाभिमान और कुशल रणनीति के प्रतीक थे। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में हिंदवी स्वराज्य की स्थापना कर दुनिया को दिखाया कि दृढ़ संकल्प से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। श्री गंगवार ने युवाओं और समाज के लोगों से महापुरुषों के जीवन के आदर्शों से प्रेरणा लेने का आह्वान करते हुए कहा कि हमें उनके बताए मार्ग पर चलकर राष्ट्र और समाज के उत्थान में अपना योगदान देना चाहिए। उन्होंने कुर्मी समाज की एकजुटता पर विशेष बल देते हुए कहा कि वैचारिक रूप से हम किसी भी राजनीतिक विचारधारा से जुड़े हो सकते हैं, लेकिन जब बात अपने समाज के हितों और मान-सम्मान की आए, तो हम सभी को एक साथ खड़े रहना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि संगठन में ही शक्ति है और समाज का सर्वांगीण विकास आपसी एकता से ही संभव है।कुर्मी महासभा के केंद्रीय महामंत्री मनोहर लाल गंगवार ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज ने सदैव सर्वसमाज को साथ लेकर चलने और न्यायपूर्ण शासन का आदर्श प्रस्तुत किया। आज के समय में उनकी प्रासंगिकता और बढ़ गई है।



# पांडे ने किया विराट हिंदू सम्मेलन में पहुंचने का आह्वान

गूलरभोज । पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं वर्तमान विधायक अरविंद पांडे के कैंप कार्यालय पर भाजपा कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।



बैठक के दौरान विधायक अरविंद पांडे ने आगामी 22 फरवरी को दिनेशपुर स्थित खुदीराम बोस मिनी स्टेडियम में आयोजित होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन की रूपरेखा साझा की। उन्होंने बताया कि इस भव्य कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10:00 बजे हवन-पूजन के साथ होगी, जिसके पश्चात 11:00 बजे से मुख्य सम्मेलन और फिर विशाल प्रसाद वितरण का आयोजन किया जाएगा।विधायक अरविंद पांडे ने स्पष्ट करते हुए कहा कि यह कोई राजनीतिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह सभी वर्गों और सभी जातियों के लोगों को एकजुट करने वाला एक सामाजिक कार्यक्रम है। उन्होंने क्षेत्र की जनता से दलगत राजनीति से ऊपर उठकर अधिक से अधिक संख्या में इस सम्मेलन में पहुंचने का आह्वान किया। बैठक में आयोजन की सफलता को लेकर कार्यकर्ताओं को विभिन्न जिम्मेदारियां भी सौंपी गईं। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष विश्वजीत मंडल, अनादि मंडल, नरेंद्र कोरंगा, इंदर सिंह राठौड़, गिरीश दुबे, विजेंद्र यादव, बलदेव राज दहूजा, प्रकाश कोश्यारी, गुरमेल सिंह, राजेश कुमार, अमित कुमार, मुकेश कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पेज एक का शेष...

**शोरूम में गोली...**सुबह घटना की सूचना मिलने पर पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रशांत कुमार, एसएसआई केसी आर्या, एसएसआई अनिल जोशी और चौकी प्रभारी सुरेंद्र सिंह फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल से एक पिस्टल, एक खाली खोखा और चार जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। शुरुआती जांच में यह बात सामने आई है कि घटना के समय शोरूम के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरे बंद थे। आसपास के दुकानदार भी अपनी दुकानें बंद करके जा चुके थे, जिसके कारण किसी ने गोली चलने की आवाज नहीं सुनी। पास के अन्य कैमरों की फुटेज खंगालने पर ध्रुव रात 8:11 बजे दुकान के बाहर खड़ा दिखाई दे रहा हैं, लेकिन उसके बाद क्या हुआ, यह अभी रहस्य बना हुआ है। व्यापारी पर गोली चलने की खबर फैलते ही शहर के व्यापार जगत में हड़कंप मच गया। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा और विजय फुटेला सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौके पर एकत्र हो गए और घटना की निष्पक्ष जांच की मांग की। पुलिस फिलहाल आत्महत्या के प्रयास और अन्य संभावित एंगलों से मामले की बारीकी से जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि ध्रुव के होश में आने के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल ध्रुव की हालत नाजुक बताई जा रही है।

**पिकप खाई में गिरने...**वाहन यात्रियों को लेकर जा रहा था, तभी सामने से आ रही एक बस को रास्ता देने के प्रयास में चालक साकम सिंह वाहन पर से नियंत्रण खो बैठा और पिकअप सीधे खाई में जा गिरी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि यदि बस से सीधी भिड़ंत होती तो जनहानि और भी अधिक हो सकती थी। हादसे के बाद वाहन खाई में पलट गया और कुछ यात्री गाड़ी के नीचे ही दब गए थे। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए तत्काल खाई में उतरकर बचाव कार्य शुरू किया और पुलिस को सूचना दी। हादसे में घायल हुए लोगों की पहचान चालक साकम सिंह (35 वर्ष) निवासी सराईखेत, राजेंद्र सिंह (36 वर्ष) निवासी केलाखेड़ा (ऊधमसिंह नगर), सुभाष (19 वर्ष) निवासी नेपाल, चंद्रसेन सैनी (41 वर्ष) निवासी बिजनौर और विजेंद्र सिंह (36 वर्ष) निवासी बिजनौर के रूप में हुई है। सभी घायलों को तत्काल देवायल सल्ट अस्पताल पहुँचाया गया, जहाँ से गंभीर रूप से घायल चार लोगों को बेहतर उपचार के लिए रेफर किया गया है। घायलों और स्थानीय निवासियों ने डोटियाल के पास सड़क की बदहाल स्थिति पर गहरा रोष व्यक्त किया है। बताया गया कि संबंधित मार्ग लंबे समय से जर्जर हालत में है। सड़क संकरी होने और जगह-जगह गड्ढे होने के कारण यहाँ आए दिन वाहन अनियंत्रित होते रहते हैं। शुक्रवार को हुआ यह हादसा भी सड़क की खराब हालत और बस को पास देने के दौरान किनारा धंसने की वजह से पेश आया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

**हल्द्वानी कोर्ट की ...**गठित इस टीम में न्यायालय परिसर के नामित प्राधिकारी, अभिसूचना इकाई (एलआईयू) के अधिकारी, स्थानीय थाना पुलिस और पुलिस लाइन के प्रतिसार निरीक्षक शामिल रहेंगे। यह विशेष टीम आपसी तालमेल स्थापित करते हुए न्यायालय की सुरक्षा को व्यवस्थित रखने के लिए नियमित समीक्षा करेगी और अपनी रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को प्रेषित करेगी। इसी परिप्रेक्ष्य में एसएसपी नैनीताल ने जनपद की समस्त पुलिस फोर्स को स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही अक्षम्य होगी। उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को उच्च सतर्कता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने और

# बहुउद्देशीय शिविर में 60 शिकायतें दर्ज हुई

भीमताल (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के विजन 'जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार' को धरातल पर उतारने के लिए भीमताल के रामलीला मैदान में एक विशाल बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) अरविंद कुमार पाण्डे की अध्यक्षता में आयोजित इस शिविर का मुख्य उद्देश्य सरकारी योजनाओं को सीधे जनता तक पहुँचाना और उनकी समस्याओं का मौके पर ही समाधान करना था। शिविर में पेयजल, सिंचाई, विद्युत, शिक्षा और अतिक्रमण जैसे गंभीर मुद्दों पर करीब 60 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से अधिकांश का निस्तारण सीडीओ ने तत्काल प्रभाव से कर दिया।शिविर में पेयजल लाइनों में लीकेज और पानी की बर्बादी को लेकर ग्रामीणों ने भारी रोष व्यक्त किया। इस पर संज्ञान लेते हुए सीडीओ ने जल संस्थान के अधिकारियों को अल्टीमेटम दिया कि एक महीने के भीतर सभी लीकेज ठीक किए जाएं। साथ ही, नौकुचियाताल में पानी की किल्लत दूर करने के लिए नए टैंक निर्माण की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए। बिजली के स्मार्ट मीटर से आ रहे भारी-भरकम बिलों की शिकायत पर उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक विभाग मीटर की जांच और रीडिंग का मिलान नहीं कर लेता, तब तक उपभोक्ताओं से बिल जमा करने का दबाव न बनाया जाए।क्षेत्र में बढ़ रहे अतिक्रमण पर प्रहार करते हुए सीडीओ ने लोक निर्माण विभाग और सिंचाई विभाग को पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर संयुक्त अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि नौकुचियाताल मार्ग और सिंचाई नगर में हुए अवैध कब्जों को तत्काल हटाया जाए। वहीं, जून स्टेट भीमताल में भूमि विवाद से जुड़े मामले की राजस्व विभाग को गहन जांच करने के आदेश दिए गए। विद्यालयों में शिक्षकों की अनुपस्थिति और देरी से आने की शिकायतों पर सीडीओ ने खण्ड शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि अब शिक्षकों को व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से अपनी दैनिक उपस्थिति दर्ज करानी होगी।शिविर में स्वास्थ्य विभाग ने 80, आयुर्वेदिक ने 35 और होम्योपैथिक विभाग ने 40 लोगों का परीक्षण कर दवाएं वितरित कीं। बाल विकास विभाग द्वारा 4 लाभार्थियों को श्मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किटश प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त 10 लोगों के आधार कार्ड बनाए गए और पशुपालन, मत्स्य, कृषि व उद्यान विभाग की योजनाओं से दर्जनों लोग लाभान्वित हुए। इस अवसर पर भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा, दायित्वधारी शांति मेहरा, नगर पालिका अध्यक्ष सीमा टमटा और भाजपा मंडल अध्यक्ष कमल जोशी आदि मौजूद रहे।

संदिग्धों पर पैनी नजर रखने के आदेश दिए हैं।

**जंगली हाथी का ...**जगजीतपुर स्थित एक मकान के बाहर पहुंची इस गजराज की टोली के सदस्य ने वहां खड़ी स्कूटी को निशाना बनाया। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि हाथी ने पहले सूंड से स्कूटी को उठाने की कोशिश की और फिर उसे जमीन पर पटक दिया, जिससे वाहन चकनाचूर हो गया। गनीमत रही कि उस समय वहां कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था, जिससे बड़ी जनहानि टल गई। कुछ देर उत्पात मचाने के बाद हाथी स्वयं ही आगे निकल गया। स्थानीय निवासियों का कहना है कि हरिद्वार के रिहायशी इलाकों में हाथियों का आना अब रोज की बात हो गई है। हाथी न केवल फसलों को बर्बाद कर रहे हैं, बल्कि अब वाहनों और संपत्ति को भी नुकसान पहुँचा रहे हैं। लोगों ने वन विभाग से गश्त बढ़ाने की पुरजोर मांग की है। मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए रेंज अधिकारी शीशपाल सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर हाथी को जंगल की ओर खदेड़ा। उन्होंने बताया कि हाथियों की इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए शासन को हाथी रोधी दीवार बनाने का प्रस्ताव भेजा गया है। अनुमति मिलते ही बैरागी कैंप से लेकर अजीतपुर तक दीवार का निर्माण शुरू कराया जाएगा ।

**न्यायालयों में खंगाला...**व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही या कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसएसपी अजय गणपति ने ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल को सतर्क रहने के निर्देश देते हुए कहा कि संदिग्ध गतिविधियों और अपरिचित व्यक्तियों पर पैनी नजर रखी जाए। साथ ही, परिसर में प्रवेश करने वाले वाहनों की नियमित और प्रभावी जांच करने के भी आदेश दिए गए। इस औचक निरीक्षण और सघन चेकिंग अभियान से न्यायालय परिसर में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद नजर आई। जनपद के अन्य न्यायालयों में भी संबंधित थाना प्रभारियों के नेतृत्व में इसी प्रकार का सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।

# राजकीय महाविद्यालय में किया गया शिक्षक अभिभावक संघ का गठन

किच्छा। नगर स्थित राजकीय महाविद्यालय में सर्वसम्मति से शिक्षक अभिभावक संघ का गठन किया गया। महाविद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ राजीव रतन ने की। डॉ रतन ने पीटीए कि भूमिका एवं महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षक अभिभावक और छात्र तीनों के समन्वय से ही शिक्षा को प्रभावी, गुणात्मक एवं छात्र केंद्रित बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि शिक्षक अभिभावक संघ विद्यार्थियों के शैक्षणिक, नैतिक एवं व्यक्तित्व विकास का एक सशक्त मंच है, जिसके माध्यम से छात्र हित में निरंतर संवाद और सहयोग संभव होता है। पीटीए संयोजक डॉ नरेश कुमार ने बताया कि अभिभावकों की अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से उन्हें जोड़ा गया है, जिससे विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति पर निरंतर निगरानी रखी जा सके। इस मौके पर अध्यक्ष पद पर श्रीमती सुनीता, उपाध्यक्ष पद पर भैरव दत्त जोशी, मंत्री पद पर डॉ नरेश कुमार एवं हर स्वरूप मौर्य निर्वाचित हुए। संगठन में सदस्य के रूप में महाविद्यालय के सबसे अधिक एवं सबसे अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को शामिल किया गया। मौके पर डॉ उमराव सिंह, डॉ प्रकाश चंद भट्ट, डॉ हर्षिता तिवारी, डॉ मनीषा पांडे, प्रकाश डूंगराकोटी, लवली पांडे, श्रीमती नेहा आदि मौजूद रहे।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा    एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732  समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# जिन्नात के नाम पर करोड़ों की ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़

## कादरी बाबा समेत तीन गिरफ्तार, रुपये डबल करने का लालच देकर ग्रामीणों से ठगे डेढ़ करोड़

काशीपुर/रुद्रपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऊधमसिंहनगर अजय गणपति के कुशल निर्देशन में जनपद पुलिस ने अंधविश्वास और धोखाधड़ी के एक बड़े रैकेट का पर्दाफाश किया है। 'जिन्न/जिन्नात' के नाम पर भोले-भाले ग्रामीणों को रुपये डबल करने का झांसा देकर डेढ़ करोड़ रुपये से अधिक की ठगी करने वाले संगठित गिरोह के तीन मुख्य अभियुक्तों को कोतवाली आईटीआई पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस गिरोह ने धर्म और अंधविश्वास का सहारा लेकर सैकड़ों लोगों की जीवन भर की जमा पूंजी हड़प ली थी। घटनाक्रम के अनुसार, 16 फरवरी 2026 को ग्राम बांसखेड़ा निवासी शकील अहमद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव के ही सरताज अली उर्फ कादरी बाबा, सफीक अहमद और मोहम्मद आरिफ ने ग्रामीणों को अपने जाल में फंसाया हुआ है। सरताज अली ने दावा किया था कि उस पर 'जिन्नात' आता है, जो पैसों को दोगुना कर देता है। आरोपियों ने इसके लिए बाकायदा कई लुभावनी स्कीमें चलाई थीं, जिनमें 15,500 रुपये जमा करने पर 40 दिन में 20,000 रुपये देने, विधवाओं के लिए 6,500 रुपये और बच्चियों के नाम पर 12,500 रुपये जमा करने जैसी योजनाएं शामिल थीं। गिरोह के सदस्यों ने घर-घर जाकर प्रचार किया कि बाबा से जुड़ने वालों के पास जिन्नात के माध्यम से अपार धन आ रहा है, ने ग्रामीणों से लगभग डेढ़ करोड़ रुपये से अधिक की रकम इकट्ठा की थी।



जिससे उन्होंने महंगी गाड़ियां और संपत्तियां खरीदी हैं। पुलिस जांच में चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। अभियुक्तों ठगी की इस काली कमाई से सफीक ने 20 लाख का मकान और बलेनो कार खरीदी, आरिफ ने 10 लाख का प्लॉट लिया, जबकि मुख्य आरोपी सरताज अली उर्फ कादरी बाबा ने धीमरखेड़ा में प्लॉट लेकर मकान बनवाया और बोलेरो गाड़ी खरीदी। जब पीड़ितों ने अपना पैसा वापस मांगा, तो आरोपियों ने उनके साथ गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। मामले की गंभीरता देखते हुए एसएसपी ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर विशेष टीमों का गठन किया। गिरफ्तारी से बचने के लिए आरोपी अपने घरों में ताला लगाकर उत्तर प्रदेश भाग गए थे। पुलिस टीमों ने घेराबंदी करते हुए 17 फरवरी को मुख्य आरोपी सरताज अली उर्फ कादरी बाबा उर्फ सैयद मियां, शफीक और आरिफ को जिला रामपुर (उत्तर प्रदेश) से धर दबोचा। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने सुनियोजित षड्यंत्र के तहत अंध विश्वास फैलाकर लोगों को ठगा है। पुलिस ने तीनों के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं में कार्रवाई कर उन्हें न्यायालय में पेश किया है। सफलता पाने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार, वरिष्ठ उपनिरीक्षक अरविंद बहुगुणा, उपनिरीक्षक मनोज धोनी और अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे। एसएसपी अजय गणपति ने जनता से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार के अंधविश्वास या रुपये दोगुना करने वाले लालच में न आएं और ऐसी संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें।






# होटल में ठहरे युवक को बंदूक व कारतूस के साथ किया गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल मंजूनाथ टीसी के आदेशानुसार जनपद को अपराध मुक्त बनाने एवं अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही हेतु चलाए जा रहे ऑपरेशन क्रैकडाउन के अंतर्गत कोतवाली हल्द्वानी पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक हल्द्वानी मनोज कत्याल व पुलिस उपाधीक्षक हल्द्वानी अमित सैनी के निर्देशन तथा प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह मेहता के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा अपराध एवं अराजकता रोकने हेतु क्षेत्र के होटलों, ढाबों और संदिग्ध व्यक्तियों की सघन चेकिंग की जा रही थी।इसी दौरान दिनांक 18 फरवरी 2026 को टनकपुर रोड स्थित एक होटल में बाहरी व संदिग्ध व्यक्तियों के सत्यापन के दौरान होटल के एक कमरे में दो दिन से रह रहे संदिग्ध पंकज सिंह बिष्ट पुत्र शंकर सिंह



बिष्ट निवासी मोल्टा थाना जोशीमठ, जिला चमोली को पुलिस ने हिरासत में लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक 12 बोर सिंगल बैरल बंदूक और 03 जिंदा कारतूस बरामद हुए। पुलिस द्वारा अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध शस्त्र अधिनियम के तहत वैधानिक कार्यवाही की गई है। पुलिस अब बरामद असलहे के स्रोत के संबंध में अभियुक्त से कड़ी पूछताछ कर रही है। गिरफ्तारी टीम में मंगलपड़ाव चौकी प्रभारी गौरव जोशी, अपर उपनिरीक्षक मान सिंह, कांस्टेबल अरुण राणा और कांस्टेबल कमलेश सिंह नौला शामिल रहे। पुलिस प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे आसपास होने वाली किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को 112 या कंट्रोल रूम नंबर पर दें ताकि कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनी रहे।

# धूमधाम से मना पूर्व विधायक ठुकराल का जन्म दिन, मां से लिया आशीर्वाद

रुद्रपुर । पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल का जन्म दिन हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। ठुकराल ने अपने विशेष दिन की शुरुआत अपनी माता दर्शना ठुकराल का आशीर्वाद लेकर की। उन्होंने सुबह अपनी माता के चरण स्पर्श किए और उनका स्नेह व आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पश्चात दिन भर उनके आवास पर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। बड़ी संख्या में पहुंचे समर्थकों, और शुभचिंतकों ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर और केक काटकर जन्मदिन की बधाई दी। इस दौरान समर्थकों ने उनके दीर्घायु होने और उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना की। अपने समर्थकों के उत्साह और प्रेम को देख पूर्व विधायक अभिभूत नजर आए। उन्होंने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि क्षेत्र की जनता और कार्यकर्ताओं का यही स्नेह उन्हें जनसेवा




के लिए निरंतर ऊर्जा प्रदान करता है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि वे भविष्य में भी जनहित के कार्यों और जनता की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।

# ओवरलोडिंग के खिलाफ चला पुलिस का अभियान, 17 वाहन सीज, 24 के चालान

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के आदेशानुसार और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऊधमसिंहनगर अजय गणपति के कड़े निर्देशन में सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु जनपद भर में ओवरलोडिंग के विरुद्ध वृहद स्तर पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस विशेष अभियान के तहत यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले भारी वाहनों पर सख्त कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान कुल 24 ओवरलोड वाहनों के चालान किए गए, जबकि 17 वाहनों को मौके पर ही सीज कर दिया गया। इसके अतिरिक्त 14 वाहनों के विरुद्ध कोर्ट





चालान की कार्रवाई अमल में लाई गई।जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में हुई कार्रवाई के विवरण के अनुसार, कोतवाली सितारगंज पुलिस ने सर्वाधिक सक्रियता दिखाते हुए 05 ओवरलोड वाहनों के चालान किए और सभी 05 वाहनों को सीज कर दिया। यातायात पुलिस रुद्रपुर द्वारा 06 वाहनों के चालान, 01 वाहन सीज और 05 कोर्ट चालान किए गए। थाना पुलभट्टा में 03 वाहनों के चालान, 03 सीज और 03 कोर्ट चालान किए गए। वहीं कोतवाली किच्छा में 03 चालान, 02 सीज और 01 कोर्ट चालान की कार्रवाई हुई। कोतवाली काशीपुर और केलाखेड़ा में भी 02-02 वाहन सीज कर उनके कोर्ट चालान किए गए। पंतनगर पुलिस ने 02 वाहनों को सीज किया, जबकि आईटीआई पुलिस द्वारा 01 वाहन का चालान कर उसे कोर्ट भेजा गया। एसएसपी अजय गणपति ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि ओवरलोडिंग के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए भविष्य में भी इसी प्रकार का सख्त अभियान जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन स्वामियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।